विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 57 | गौतमबुद्धनगर, शुक्रवार 26 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236

P- 3

नोएडा और दिल्ली मेट्रो में एक कार्ड से होगी यात्रा

P- 4

9वीं मंजिल से गिरकर मॉडल की मौत, जिस लड़के के साथ लिव-इन

P- 5

न्यू हैम्पशायर के चुनाव में ट्रंप ने हेली को हराया, रिपब्लिकन पार्टी से

P- 6

भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 4-1 से सीरीज जीतेगी : कुंबले

हैप्पी मॉर्निंग

डॉक्टर- क्या बात है...?
पप्पू- जी कुत्ते ने काट लिया है...!
डॉक्टर- तुमने बाहर बोर्ड पर लिखा नहीं पढ़ा,
मरीज देखने का समय केवल सुबह आठ से 11 बजे तक है
और तुम एक बजे आये हो...!
पप्पू- जी मैंने तो पढ़ लिया था, पर कुत्ते ने नहीं पढ़ा था...!



शायरी

ज़ाया ना कर अपने अल्फाजहर किसी के लिए,
बस ख़ामोश रह कर देख,तुझे समझता कौन है।।

अर्थसार

संसेक्स:
70,700.67
-359.64 (0.51%)
निफ्टी:
21,352.60
-101.35

मौसम

अधिकतम : 16 डिग्री से0
न्यूनतम : 08 डिग्री से0
सूयोदय शनिवार : 7 : 16
सूर्यास्त शुक्रवार : 5 : 54

शाहजहांपुर में सड़क हादसे में 12 की मौत

टेंपो को टक्कर लगी तो 6 लोग उछलकर गिरे, टैंकर ने कुचल दिया

25 मीटर दूर गिरा ऑटो, सवारिया हाईवे पर

हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टेंपो में सवार कोई भी शख्स नहीं बचा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टैंकर की स्पीड तेज थी, उसने सामने से ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर से करीब 25 मीटर तक ऑटो पीछे की तरफ उछल गया। अंदर बैठी करीब 5-6 सवारियां हाईवे पर गिर गई। इसके बाद टैंकर चालक ने भागने की कोशिश की। इसमें वह सड़क पर गिरी सवारियों को रौंदते हुए निकल गया। प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि अगर टैंकर नहीं रौंदता तो सवारियों की जान बच सकती थी। ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। चालक का पता लगाया जा रहा है।

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में गुरुवार को हुए भीषण सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। यहां टैंकर ने सामने से टेंपो को टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो में सवार करीब 6 सवारियां उछलकर हाईवे पर गिर गई। भागने के चक्कर में टैंकर उनको रौंदता हुआ निकल गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों में 8 पुरुष, 3 महिलाएं और 1 बच्चा है। इनमें से 10 मृतक मदनापुर थाने के दमगड़ा गांव के रहने वाले थे। वहीं, 2 लोग जलालाबाद रहने वाले थे। सभी गंगा स्नान के लिए ढाई घाट जा रहे थे। सुबह 11 बजे हादसा हुआ। एसपी का कहना है कि कोहरे के चलते हादसा हुआ। हाईवे पर करीब लाशें करीब 50 मीटर तक सड़क पर बिखर गईं। टक्कर से टेंपो कई हिस्सों में बंट गया। छत उड़ गई। कुछ सवारी टेपों में अंदर फंस गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से उनको बाहर निकाला। अल्हागंज के गांव सुगसुगी के पास हादसा हुआ।

मुर्मु ने कर्पूरी ठाकुर को शताब्दी वर्ष पर दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को उनके जन्म शताब्दी वर्ष पर याद करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुर्मु ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुये पूर्व मुख्यमंत्री को सामाजिक न्याय की लड़ाई का ऐसा योद्धा बताया जो इस संघर्ष के लिये अनवरत लड़ते रहे और पूरा जीवन पिछड़े वर्ग के लोगों के कल्याण के लिये समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा, मैं यह उल्लेख करना चाहूंगी कि सामाजिक न्याय के लिये अनवरत युद्धरत रहे कर्पूरी ठाकुर जी की जन्म शताब्दी का उत्सव कल ही संपन्न हुआ है। कर्पूरी जी पिछड़े वर्गों के सबसे महान पक्षकारों में से एक थे, जिन्होंने अपना सारा जीवन उनके कल्याण के लिए समर्पित कर दिया था। उनका जीवन एक संदेश था। अपने योगदान से सार्वजनिक जीवन को समृद्ध बनाने के लिये मैं कर्पूरी जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ। राष्ट्रपति ने कहा, गणतंत्र दिवस हमारे आधारभूत मूल्यों और सिद्धांतों को स्मरण करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

आईएसआईएस को फंडिंग कर रहा इंजीनियर गिरफ्तार

3 बार पैसा सीरिया भेजा; महाराष्ट्र एटीएस ने गिरफ्तार किया

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र एटीएस ने बुधवार (24 जनवरी) को नासिक से एक इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। इस शख्स पर आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ ईराक एंड सीरिया का समर्थन और फंडिंग करने का आरोप है। एटीएस के मुताबिक 32 साल का यह आरोपी इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का बिजनेस करता है।

जांच के दौरान पता चला है कि उसने आईएसआईएस को तीन बार पैसा ट्रांसफर किया है। आतंकवाद निरोधी दस्ता अब इंजीनियर के दूसरे राज्यों में सहयोगियों की जानकारी खंगाल रही है।

एटीएस ने नासिक में इंजीनियर के ठिकाने की तलाशी ली। जहां से आपत्तिजनक दस्तावेजों के साथ

मोबाइल फोन, सिम कार्ड, लैपटॉप और पेन ड्राइव समेत इलेक्ट्रॉनिक गैजेट भी जब्त किए। एटीएस के अधिकारी ने बताया कि आतंकी आरोपी को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी इंजीनियर के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की अदालत में पेश किया गया, जहां उसे 31 जनवरी तक 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

महाराष्ट्र एटीएस की एक टीम को संदिग्ध आरोपी के बारे में इनपुट मिला था। जिसके बाद एक टीम इसकी हरकतों पर नजर रख रही थी। यह शख्स भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित संगठन आईएसआईएस से जुड़ी एक विदेशी यूनिट के साथ लगातार संपर्क कर रहा था। यह शख्स पिछले दिनों कट्टरपंथी पोस्ट भी कर चुका था। हालांकि टीम ने आरोपी की पहचान उजागर नहीं की है।

तेलंगाना में अधिकारी के पास 100 करोड़ की संपत्ति मिली

एसीबी ने 40 लाख कैश, 2 किलो सोना, महंगी घड़ियां और गैजेट्स जब्त किए

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार में अधिकारी शिव बालाकृष्ण के ठिकानों से 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। उनके पास से 40 लाख रुपए कैश, 2 किलो सोना, 60 महंगी घड़ियां, 14 स्मार्ट फोन, 10 लैपटॉप, अचल संपत्तियों से संबंधित कई दस्तावेज और नोट गिनने वाली मशीनें मिली हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो की 14 टीमों ने बुधवार को बालाकृष्ण और उनके रिश्तेदारों के राज्य भर में 20 ठिकानों पर रेड की थी। बालाकृष्णा तेलंगाना रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी के सेक्रेटरी हैं। बालाकृष्ण हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के डायरेक्टर भी रह चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक,एसीबी ने बालाकृष्ण को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ पद का दुरुपयोग करते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का केस दर्ज किया गया है।

आज उन्हें कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा। एसीबी का आरोप है कि हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के डायरेक्टर के पद पर रहते हुए बालाकृष्ण ने अकूत संपत्तियां

अर्जित कीं। उन्होंने कई रियल एस्टेट कंपनियों के लिए परमिट की सुविधा देकर करोड़ों रुपए कमाए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एसीबी के अधिकारियों को बालाकृष्ण के पास से और ज्यादा पैसा और संपत्ति मिलने की उम्मीद है। उनके नाम 4 बैंकों में लॉकर मिले हैं, जिन्हें खोला जाएगा।

कैंसर पीड़ित बच्चे को डुबाकर मार देने का आरोप

नई दिल्ली/ देहरादून। उत्तराखंड के हरिद्वार में एक परिवार द्वारा अपने 5 साल के कैंसर पीड़ित बच्चे को गंगा में डुबाने का वीडियो वायरल हुआ था। कहा जा रहा था कि पानी में ज्यादा देर तक डूबे रहने के कारण बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद हरिद्वार पुलिस ने बच्चे के माता-पिता और उसकी चाची को गिरफ्तार कर लिया। हरिद्वार शहर के पुलिस चीफ स्वतंत्र कुमार ने पहले बताया कि आरोपी चाची बच्चे को लेकर गंगा में ले गई थी। उसने बच्चे को पानी के अंदर डुबा दिया। वहीं पर बच्चे के माता-पिता मंत्र का जाप कर रहे थे। वहां मौजूद लोग कुछ देर उन्हें देखते रहे। पुलिस के मुताबिक, परिवार को लगा था ऐसा करने से बच्चे की बीमारी ठीक हो जाएगी।

उज्जैन में सरदार पटेल की मूर्ति को ट्रैक्टर चढ़ाकर गिराया

उज्जैन। उज्जैन के माकड़ोन में गुरुवार सुबह दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति उखाड़कर तोड़फोड़ करने पर हुआ। एक पक्ष के लोगों ने ट्रैक्टर चढ़ाकर मूर्ति गिरा दी। फिर रॉड और पत्थर मारकर मूर्ति में तोड़फोड़ की। इससे दूसरा पक्ष नाराज हो गया।

दोनों पक्षों में पथराव हुआ और लाठियां चलीं। उग्र भीड़ ने कई गाड़ियों में भी तोड़फोड़ कर दी। कुछ गाड़ियों में आग लगा दी। कई दुकानों में भी पथराव किया गया है। पथराव में सब इंस्पेक्टर लालचंद शर्मा घायल हुए हैं। कुछ और लोगों को भी चोट आई हैं।

माकड़ोन के अलावा उज्जैन और तराना से भी भारी तादाद में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। हल्का बल प्रयोग कर उग्र भीड़ को तितर-बितर किया। 6 लोगों को राउंडअप किया है। बवाल के बाद माकड़ोन के झड्डु भीम सिंह देवड़ा को निलंबित कर दिया गया है। एहतियातन मौके पर पुलिस फोर्स तैनात है।

माकड़ोन मंडी गेट और बस स्टैंड के पास जमीन खाली पड़ी है। भीम आर्मी चाहती है कि यहां डॉ. आंबेडकर की मूर्ति लगाई जाए।

जबकि, पाटीदार समाज के लोग सरदार पटेल की मूर्ति लगाने की मांग करते आ रहे हैं। मामला पंचायत में विचाराधीन है। बुधवार रात असामाजिक तत्वों ने इस जमीन पर सरदार पटेल की मूर्ति स्थापित कर दी।

ठंड

बिहार में ठंड से स्कूली बच्चे की मौत, अपर सचिव समेत 3 अफसरों पर एफआईआर

दिल्ली-उत्तरप्रदेश सहित 5 राज्यों में ठंड का रेड अलर्ट जारी

नई दिल्ली। देश के 17 राज्य ठंड और घने कोहरे की चपेट में हैं। दिल्ली, यूपी, पंजाब, हरियाणा और बिहार में कोल्ड डे की स्थिति है।

यहां गुरुवार को भीषण ठंड को लेकर रेड अलर्ट है। आईएमडी ने बताया कि इन 5 राज्यों में 29 जनवरी तक ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है।

मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी कोल्ड डे की स्थिति है। यहां अगले 2 दिन तेज सर्दी पड़ने का अनुमान है। बुधवार (24 जनवरी) को एमपी के कई शहरों का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से कम दर्ज किया गया।

(24 जनवरी) पचमढ़ी में तापमान 3 डिग्री, सतना में 3.9 डिग्री, खजुराहो में

3.4 डिग्री रहा। हिमाचल प्रदेश में अगले 5 दिनों तक बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, 25 से 27 जनवरी तक प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होगी। 28 और 29 जनवरी को ज्यादा क्षेत्रों के साथ साथ मध्यम ऊंचाई वाले इलाकों में भी बारिश-बर्फबारी की संभावना है।

वहीं बिहार में कड़ाके की ठंड में सकूल खुले हुए हैं। ठंड की चपेट में आने से मुजफ्फरपुर के बोंचहा में छठी कक्षा के छात्र मो. कुर्बान की मौत की बात सामने आई है।

मामले में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक, शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव और जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार सिंह पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज हुआ है।

अगले 24 घंटे के दौरान मौसम का हाल

प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, 25 जनवरी को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में कोल्ड डे से लेकर सीवियर कोल्ड डे की स्थिति बन सकती है। पश्चिमी हिमालय में 25 से 28 जनवरी के बीच हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ जगहों पर घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति जारी रहने की उम्मीद है। उत्तरी मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के कुछ हिस्सों में कोहरा छा सकता है।

पश्चिम बंगाल, दक्षिणी झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

धर्मपुरी में चार वाहनों की टक्कर से भीषण हादसा, 4 लोगों की मौके पर मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के धर्मपुरी जिले में चार वाहनों की टक्कर से भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में चाल लोगों की मौत हो गई और अन्य आठ लोग घायल हो गए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को दो लाख और घायलों को 50 हजार का मुआवजा देने का एलान किया है।

हादसे में कुचली गई कार

इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया है। वीडियो में दिख रहा है कि एक तेज रफ्तार ट्रक अन्य दूसरे ट्रक से जा टकरा गया और

नियंत्रण से बाहर चला गया। वहीं, एक कार दोनों वाहनों के बीच फंस गई। टक्कर के बाद कार मौके पर ही कुचल गई, जबकि ट्रक रेलिंग से टकराकर पुल से नीचे पलट गया। घटना के दौरान वाहनों से धुआं निकलता हुआ दिखाई दे रहा है।

वहीं, इस हादसे के बाद बचावल अभियान तेज कर दिया गया है। फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाएं सहायता के लिए घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। इस घटना के बाद धर्मपुरी सांसद और डीएमके नेता डॉ. सेंथिल कुमार ने केंद्र से ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एलिवेटेड नेशनल हाईवे पर काम पूरा करने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि थोपपुर एलिवेटेड हाईवे के लिए टेंडर बोली 758 करोड़ में फाइनल हुई है। इस खतरनाक मोड़ पर पिछले 13 सालों में 1032 दुर्घटनाएं हुईं और 256 लोगों की जान चली गई और कल 4 लोगों की मौते हो गई। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से इसके काम को पूरा करने का निवेदन किया है।

गणतंत्र परेड में दिल्ली पुलिस दल का नेतृत्व करेंगी महिला टुकड़ी

नयी दिल्ली। गणतंत्र दिवस की परेड में दिल्ली पुलिस की सभी महिला टुकडियां हिस्सा लेंगी और नेतृत्व करेंगी।

आईपीएस श्वेता के. सुगाथन 2023 के बाद एक बार फिर दिल्ली पुलिस दल का नेतृत्व करेंगी। वह आईपीएस किरण बेदी के बाद दिल्ली पुलिस दल का नेतृत्व करने वाली दूसरी महिला हैं। दिल्ली पुलिस ने यहां जारी बयान में कहा है कि यहां यह उल्लेख करना उचित है कि 57 वर्षीय पुलिस अधिकारी एसआई किरण सेठी बैंड दल में मार्गदर्शक के रूप में शामिल होने के साथ ही सबसे भारी बैंड वाद्ययंत्र ले जाने के लिए स्वेच्छा से भाग लेंगी।

इतिहास में यह पहली बार है कि दिल्ली पुलिस गणतंत्र दिवस परेड में अपनी पूरी तरह से महिला परेड और बैंड दल के साथ भाग ले रही है। बयान के मुताबिक परेड के लिए महिला स्टाफ का चयन पिछले वर्ष अप्रैल में शुरू हुआ और 350 महिला स्टाफ का चयन करने के बाद अक्टूबर तक प्रत्येक शुक्रवार को अभ्यास किया गया।



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौतियों का हल

राजनीतिक और आर्थिक रूप से तेज उथल-पुथल के दौर में अलग-अलग देशों के बीच जिस तरह के विभाजन खड़े हो रहे हैं, उसके रहते वैश्विक शांति और सद्भाव कायम करना संभव नहीं होगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि मौजूदा विश्व में भारत को अब एक ऐसी शक्ति के रूप में देखा जाने लगा है जो अंतरराष्ट्रीय पटल पर खड़ी होने वाली समस्याओं का हल निकालने में एक अहम भूमिका निभा सकता है।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान वैश्विक स्तर पर सहयोग और समाधान के मकसद से बनाए गए कई समूहों के सम्मेलनों में मजबूत उपस्थिति से लेकर जी20 का नेतृत्व करने और उसके जरिए एक व्यापक दृष्टि सामने रखने के रूप में दुनिया भर के देशों ने भारत की स्पष्टता देखी है। यही वजह है कि अब भू-राजनीतिक स्तर पर खड़ी होने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर भी भारत से उम्मीद की जाती है। अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि खुद संयुक्त राष्ट्र की ओर से भी भारत को इस मामले में एक महत्त्वपूर्ण देश के रूप में देखा जा रहा है। मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत को इस विश्व निकाय का अहम सदस्य बताया।

उन्होंने कहा कि वे भारत को मिसाल पेश करते हुए नेतृत्व करते रहने, संवाद और कूटनीति के जरिए स्थायी शांति का रास्ता निकालने के अपने सैद्धांतिक रुख को कायम रखने और दुनिया भर में विभाजनों को भरने के मकसद से काम करने के लिए कहेंगे। जाहिर है, पिछले कुछ वर्षों से विश्व भर में अलग-अलग मोर्चों पर जिस तरह की जटिलताएं और मुश्किलें खड़ी हुई हैं, कई स्तर पर खेमों के रूप में देशों के समूह बन रहे हैं,उनमें खाई बढ़ रही है, उसमें किसी ऐसी कड़ी की जरूरत साफ दिखती है, जिसकी स्वीकार्यता आम हो और वह हल का रास्ता तैयार करने में मददगार साबित हो।

यह छिपा नहीं है कि पिछले कुछ समय से ऐसी स्थितियों में भारत ने कूटनीतिक मोर्चे पर कई बार अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज की है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के अलावा इजराइल और हमास की जंग के संदर्भ में भी भारत ने किसी पक्ष में खड़ा होने के बजाय मानवीयता के हक में न्याय और औचित्य को अपने रुख की कसौटी बनाया। युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, इस सूत्रवाक्य के साथ भारत ने शांति और संवाद को ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौतियों का हल बताया है। संयुक्त राष्ट्र के ढांचे के भीतर भी भारत ने हर संवेदनशील मसलों पर अपना स्पष्ट रुख कायम रखा और कूटनीति और संवाद के जरिए एक बेहतर विश्व बनाने की व्यापक दृष्टि के साथ हस्तक्षेप किया।

यह सही है कि राजनीतिक और आर्थिक रूप से तेज उथल-पुथल के दौर में अलग-अलग देशों के बीच जिस तरह के विभाजन खड़े हो रहे हैं, उसके रहते वैश्विक शांति और सद्भाव कायम करना संभव नहीं होगा। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक निकाय और उसके तहत स्पष्टता के साथ नीतिगत फैसला लेकर ठोस पहल की जरूरत महसूस की जा रही है। कूटनीतिक मोर्चे से लेकर सतत विकास के मामले में ठोस योजनाओं के साथ अपने अनुभवों और बेहतर तौर-तरीकों के जरिए विभिन्न देशों के साथ सहयोग और संवाद कायम करने के मामले में भारत की अहमियत अब सभी समझते हैं।

यह बेवजह नहीं है कि राजनयिक स्तर पर संवाद, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के साथ ही मानवाधिकारों से संबंधित कानूनों को बरकरार रखते हुए दुनिया भर में शांति लाने के प्रयासों में भारत से महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद की जाने लगी है। गौरतलब है कि बीते वर्ष सितंबर में नई दिल्ली में आयोजित जी20 सम्मेलन के समय भी संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भरोसा जताया था कि भारत यह सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास करेगा कि मौजूदा भू-राजनीतिक विभाजन मिट सके।

क्या था कर्पूरी ठाकुर का 'आरक्षण दांव'

अभिनय आकाश

पिछले कुछ दिनों से बिहार में पिछड़े की राजनीति जोरों पर है। वीजेपी के हिंदुत्व और राम मंदिर फैक्टर से मुकावले के लिए नीतीश कुमार ने विहार में जाति जगनणना का कार्ड खेला। महागठबंधन सरकार ने न सिर्फ जाति जनगणना के आंकड़े जारी किए बल्कि इसके वाद पिछड़ों के लिए आरक्षण की सीमा भी बढ़ाई।

समस्तीपुर का पितौढियां गांव, क्या था केपी का आरक्षण वाला दांव। दो बार के सीएम लेकिन अपना एक घर तक नहीं। ऐसा मुख्यमंत्री जो करता था रिक्शा की सवारी, लालू और नीतीश के गुरू, जेपी-लोहिया को मानते आदर्श। मंडल कमीशन से पहले बिहार में ओबीसी आरक्षण देने वाले नेता। आज का एमआरआई एक ऐसी शख्सियत पर करेंगे जिन्हें भारत रत्न से नवाजने का ऐलान मोदी सरकारी की तरफ से किया गया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 24 जनवरी को 100वीं जयंती है। कर्पूरी जयंती पर राष्ट्रीय जनता दल से लेकर जनता दल यूनाइटेड तक ने अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए। लेकिन अचानक केंद्र सरकार की तरफ से लिए गए फैसले ने बिहार की सियासत में खलबली मचा दी।

कर्पूरी ठाकुर कौन थे?

बिहार के समस्तीपुर जिले के एक छोटे से गाँव के रहने वाले ठाकुर एक स्वतंत्रता सेनानी थे और 1924 में अंग्रेजों के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने के कारण उन्हें जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने कहा था कि हमारे देश की आबादी इतनी अधिक है कि केवल थूक देने से अंग्रेजी राज बह जाएगा। वे अगस्त क्रांति में शामिल हुए। 9 अगस्त 1942 को दरभंगा में छात्रों की बैठक हुई। कर्पूरी ठाकुर ने क्रांतिकारी भाषण दिया। उसका असर ऐसा हुआ कि सरकारी भवनों पर तिरंगा फहराने लगा। रेल की पटरियां उखड़ने लगी। 1945 में कर्पूरी की जेल यात्रा समाप्त हुई। कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के सक्रिय सदस्य बने। नारा दिया- कमाने वाला खाएगा, लूटने वाला जाएगा। नया जमाना आएगा। गांव-गंवा में ये नारा चर्चित हो गया। 1952 में ठाकुर पहली बार विधायक बने और राज्य स्तर पर उनकी चुनाव जीतने की लय 1985 तक जारी रही। जन नायक के नाम से जाने जाने वाले कर्पूरी ठाकुर दो बार 1970 में (संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के साथ)) और 1977 (जनता पार्टी के साथ) बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। कहा जाता है कि सीएम के रूप में ठाकुर ने हिंदी भाषा को बढ़ावा देने, स्कूल की फीस माफ करने और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से कई नीतियां पेश कीं।

फर्स्ट डिवीजन से पास किए हो? मेरा पैर दबाओ

साल 1938 में समस्तीपुर जिले के पितौजिया गांव में एक लड़का मैट्रिक की परीक्षा का परिणाम देखकर घर लौट रहा था। पिता गोकुल ठाकुर गांव में हजाम थे। पढ़ने के बहुत मौके नहीं थे। बहुत कशमकश के साथ पढ़ाई चल रही थी। लेकिन मैट्रिक के नतीजों में मेहनत का रंग साफ नजर आया। लड़का भागता हुआ पिता के पास पहुंचा और प्रफुल्लता से बोला- बापूजी मैट्रिक में पहले दर्जे से पास हुआ हूं। ये वो दौड़ था जब ग्रामीण इलाकों में मैट्रिक पास खोजे से नहीं मिलते थे। फर्स्ट डिविजन तो बहुत दूर का सपना होता था। लड़के को लेकर पिता गांव के जमींदार के पास खुशखबरी देने के लिए पहुंचे। सोचा कुछ सहारा हो जाएगा। लड़के ने खुश होकर जमींदार को बताया कि मैट्रिक के इम्तिहान में अव्वल दर्जे से पास हुआ हूं। खाट पर लेटे जमींदार ने जवाब दिया पहले दर्जे से पास हुए हो, तू ही पास किया है मैट्रिक, अच्छा ठीक है। उसके बाद सामने एक टेबल रखी थी। जमींदार ने टेबल पर अपना पैर रखते हुए कहा चलो अब गोर (पांव) दबाओ। इस घटना के 32 साल बाद इस लड़के के गोर मुख्यमंत्री की कुर्सी के नीचे टिके थे।



क्या था कर्पूरी ठाकुर का आरक्षण दांव

जातियों का विभाजन केवल बिहार में नहीं है। हां यहां लकीरें थोड़ी गहरी हैं। लेकिन गांव में अलग-अलग जातियों के हिसाब से वहां पर टोले-मोहल्ले होना एक आम बात है। लेकिन कहते हैं न कि इतिहास ने लकीरें भले ही गहरी कर दी लेकिन वर्तमान में कुछ चीजें बदलती भी हैं। कुछ ऐसी भी जगह होती हैं जहां पर जातियों को छोड़कर सारे लोग एक साथ बैठकर खाते हैं, पीते हैं, बाते करते हैं। बिहार की राजनीति के ज्यादा पन्ने नहीं पलटने होंगे लेकिन ये दिख जाएगा कि दलितों और पिछड़ों के लिए सबसे पहले संवैधानिक जिम्मेदारियां निभाने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर ने क्या-क्या देखा था? कर्पूरी ठाकुर जनता पार्टी के नेता के तौर पर जून 1977 को बिहार के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने मुख्यमंत्री बनते ही पिछड़ों को आरक्षण के वादे को पूरा करने का काम शुरू किया। जिसकी वजह से वो अपनी ही पार्टी के अंदर आलोचना का शिकार होने लगे। यहां तक की जेपी पर भी कर्पूरी ठाकुर से नाराजगी की बात कही गई थी। मुख्यमंत्री बनते ही उनहोंने 27 फीसदी आरक्षण पिछड़ों को दे दिया था। ये उनकी सोच थी। उन्होंने उस गरीबी, परेशानियों और भेदभाव को बहुत करीब से देखा था। मंडल कमीशन तो बहुत बाद में आया लेकिन उससे पहले ही उन्होंने ये करके दिखाया था। उन्होंने ये सोचा था कि कैसे सबको आगे लेकर बढ़ना है। लेकिन ये तमाम कदम नाकाफी ही साबित हुए। ऊंची जातियों के दबाव में उन्हें 27 प्रतिशत से घटाकर आरक्षण 20 प्रतिशत करना पड़ा, फिर भी उनकी सरकार गिरा दी गई। कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति का संघर्ष तो समूचे देश में एक समान है। लेकिन सवाल सोच की उस जाति वाले विभाजन पर भी है जहां हर व्यक्ति कि जिज्ञासा ये होती है कि सामने वाली की जाति कौन सी है? बिहार में राजनीतिक पार्टियों का गठन भी जाति देखकर होता है। अपनी जाति के नेता पर विश्वास भी सर्वमान्य है।

यूगोस्लाविया के शासक ने फटा कोट देखकर दिया ये गिफ्ट

आज के जमाने में सिर्फ किस्सा ही लगेगा। यकीन करना मुश्किल होगा कि दो बार मुख्यमंत्री रहने और उप मुख्यमंत्री रहने वाला शख्स रिक्शा पर चलते थे। जब उनका निधन हुआ तो पटना तो छोड़िए अपने पैतृक गांव में उनके पास एक मकान नहीं था जो विरासत में वो किसी को देते। ऐसी सादगी ऐसी ईमानदारी का नाम कर्पूरी ठाकुर था। उनकी ईमानदारी की ऐसी-ऐसी मिसालें हैं जो वर्तमान दौर के लिए किस्सा कहानी ही है। एक बार उनका ऐसे प्रतिनिधिमंडल में चयन हुआ जिसे ऑस्ट्रिया जाना था। उनके पास कोट नहीं था। दोस्त से कोट मांगा। दोस्त ने जो कोट दिया वो थोड़ा फटा हुआ था। ऑस्ट्रिया में वो वही फटा कोट पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुए। कहा जाता है कि यूगोस्लाविया के शासक मार्शल टीटो ने फटा हुआ कोट देखने के बाद कर्पूरी ठाकुर को एक नया कोट गिफ्ट किया।

फटे कुर्ते का पैसा

1977 में जब वह बिहार के सीएम बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानी जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठा हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर जी ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें। लेकिन कर्पूरी जी तो कर्पूरी जी थे। उन्होंने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया।

2 बार सीएम रहने पर भी नहीं बना पाए अपना घर

एक बार उनके पिता का पिछड़ी जाति से आने की वजह से दबंग सामंती लोगों ने अपमान किया। पूरी खबर फैली की डीएम साहब आ रहे हैं। कर्पूरी ठाकुर के पिता का अपमान कर दिया है अब पुलिस कार्रवाई करेगी। कर्पूरी ठाकुर ने खुद जाकर रोका था। उन्होंने कहा कि ये जो पिछड़े लोग हैं उनका अपमान तो रोज होता है। ऐसे में सिर्फ मेरे पिता के खिलाफ अपमान होने पर कार्रवाई क्यों? अगर पुलिस वाकई किसी का अपमान न होने दे और सख्त कार्रवाई करे तो बात हो। ऐसी सोच, ऐसी ईमानदारी ऐसा व्यक्तित्व जिसकी वजह से कर्पूरी ठाकुर को पार्टी लाइन से परे हटकर पसंद किया गया। जेपी और राम मनोहर लोहिया उनके गुरु थे। ऐसे लोग जो ये मानते थे कि गैर कांग्रेसवाद की राजनीति में एक अहम व्यक्तित्व थे। कोई व्यक्ति दो-दो बार का मुख्यमंत्री हो और उसके पास खुद का अपना मकान न हो। इसी से आप उनकी ईमानदारी का अंदाजा लगा सकते हैं। बिहार की राजनीति में उन्होंने अपनी सादगी, ईमानदारी, साफगोई, विचारधारा से अमिट छाप छोड़ी।

पहले कमंडल, फिर मंडल

पिछले कुछ दिनों से बिहार में पिछड़े की राजनीति जोरों पर है। वीजेपी के हिंदुत्व और राम मंदिर फैक्टर से मुकावले के लिए नीतीश कुमार ने विहार में जाति जगनणना का कार्ड खेला। महागठबंधन सरकार ने न सिर्फ जाति जनगणना के आंकड़े जारी किए बल्कि इसके वाद पिछड़ों के लिए आरक्षण की सीमा भी बढ़ाई। वहीं, जेडीयू की रैली में कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की मांग भी अजेंडे में था। बीजेपी को पता था कि आरजेडी के मुस्लिम और यादव वोट समीकरण और साथ में नीतीश कुमार के पिछड़े वोट के सियासी गणित को हराना इतना आसान नहीं है। ऐसे में कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के साथ ही बीजेपी ने पिछड़ों की राजनीति और नीतीश के वोट में सेंध लगाने की कोशिश है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर सामाजिक न्याय को बड़ी मान्यता दी गई है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों से बिहार के तमाम राजनीतिक दल यह मांग कर रहे थे। कर्पूरी ठाकुर के बहाने बीजेपी बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश और सटे राज्यों में भी बड़ा अभियान शुरू कर सकती है। पहले भी नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में बीजेपी ने विपक्ष के प्रतीकों को अपने पाले में करने की सफल राजनीति की है। ऐसे में बीजेपी ने एक फैसले से दो शिकार किए हैं और मंडल-कमंडल दोनों कार्ड को अपने पाले में करने की कोशिश की है।

टाईम पास

महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव

गठबंधन में शामिल कुछ दलों के बीच स्पष्ट मतभेद और दूरी के संकेत तब सामने आए, जब बुधवार को तृणमूल कांग्रेस की शीर्ष नेता ममता बनर्जी ने बंगाल में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी तो दूसरी ओर पंजाब में आम आदमी पार्टी ने भी यही राग दोहराया।

देश में राजनीतिक गठबंधनों का बनना और बिखरना कोई नई बात नहीं है। विडंबना यह है कि महज चुनाव की चुनौतियों का सामना करने के मकसद से इस तरह के साथ कई बार तात्कालिक नफा-नुकसान के गठजोड़ साबित होते हैं। कुछ समय पहले जब कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों को साथ मिला कर 'इंडिया' नाम से एक समूह का गठन किया गया था, तब लगा था कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को आगामी आम चुनावों में खासी चुनौती मिल सकती है।

मगर उससे पहले ही नए बने विपक्षी गठबंधन में कुछ दलों की ओर से जिस तरह की जद्दोजहद, चुनावी सीटों की संख्या को लेकर खींचतान देखने में आ रही है, उससे यही लगता है कि इस समूह में सिद्धांत के आधार पर साथ आने की सहमति शायद नहीं बन पाई है, बल्कि इसमें शामिल कुछ दलों पर फिलहाल अपनी सीटें बढ़ा कर राजनीतिक शक्ति बढ़ाने की मंशा हावी है।

गठबंधन में शामिल कुछ दलों के बीच स्पष्ट मतभेद और दूरी के संकेत तब सामने आए, जब बुधवार को तृणमूल कांग्रेस की शीर्ष नेता ममता बनर्जी ने बंगाल में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी तो दूसरी ओर पंजाब में आम आदमी पार्टी ने भी यही राग दोहराया।

रअसल, राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के बंगाल में आयोजित किए जाने के बारे में शिष्टाचार के नाते भी सूचित नहीं करने से लेकर कांग्रेस की ओर से अपने कई प्रस्ताव ठुकरा दिए जाने के दावे के साथ ममता बनर्जी ने एक तरह से अपनी नाराजगी छिपाई नहीं। उन्होंने सख्त भाषा में यहां तक कह डाला कि मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि देश में क्या किया जाएगाज बंगाल में तृणमूल कांग्रेस एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और वह अकेले ही भाजपा को हरा देगी।

जाहिर है, यह नए बने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए एक तरह से झटका है, क्योंकि देश की राजनीति में ममता बनर्जी का अपना एक प्रभाव रहा है और अब वे विपक्ष की राजनीति के लिए एक महत्त्वपूर्ण कड़ी मानी जाती हैं। शायद यही वजह है कि उनके ताजा रुख और उससे जुड़ी आशंकाओं के सामने आते ही कांग्रेस सहित विपक्ष के कई अहम नेताओं की ओर से ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस को गठबंधन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए इस मसले का हल निकाल लेने की बात कही गई है। मगर इसके अलावा भी खबर आई कि गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी के नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री ने राज्य की सभी तेरह लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की बात कही है। सवाल है कि जब आम चुनावों के दिन करीब रहे हों और उसी मुताबिक विपक्ष को अपनी तैयारी करने की जरूरत है, वैसे में इस तरह की स्थितियां क्यों पैदा हो रही हैं, जिसमें गठबंधन के भविष्य को लेकर आशंकाएं पैदा हो रही हैं! देश के राजनीतिक परिदृश्य में जैसी चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, उसमें एक सशक्त विपक्ष लोकतंत्र को मजबूत करने में मददगार साबित हो सकता है। फिलहाल भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन अपने सामने कोई चुनौती नहीं मान रहा है। अगर विपक्षी दलों ने मिल कर उसका सामना करने के लिए कोई समूह बनाया है, तो उसकी प्राथमिकताएं क्या होनी चाहिए? पिछले कुछ समय से 'इंडिया' समूह में जैसी खींचतान देखी जा रही है, उससे यही लगता है कि इसमें शामिल सभी पार्टियों को सबसे पहले सैद्धांतिक कसौटी पर साथ होने को लेकर प्रतिबद्धता कायम रखनी होगी। मगर राजनीतिक दलों के गठबंधनों के भीतर पद और कद को लेकर जिस तरह की महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव देखा जाता रहा है, वह अभी से 'इंडिया' समूह में साफ दिखने लगा है।

काकुरो पहेली - 3076



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3075 का हल



हंसी के फूव्वारें

विज्ञान की कक्षा में छात्रा को बहुत नींद आ रही थी. व्याख्यान के दौरान उसकी गर्दन बार-बार नीचे लटक जा रही थी.

प्राध्यापिका का ध्यान जब उसकी तरफ गया तो पूछ बैठी, 'मैं समझा रही हूँ और तम्हारी गर्दन बार-बार नीचे झुक जाती है, क्या कारण है ?'

छात्रा ने झट विज्ञान की भाषा में ही जवाब देते हुए कहा, 'जी, यह तो पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के कारण हो रहा है.'

□ □ □

'क्यों बच्चे, यह गेंद तुम्हारी है ?'

'अंकल, इससे कोई शीशा टूटा है ?'

'नहीं तो ?'

'फिर यह मेरी ही है.'

□ □ □

रसोई में घरवाली की सहायता करते हुए पति चिढ़कर बोले,'देखोजी, मुझसे तो ये रोटियां बेली नहीं जातीं. बेलने का अभ्यास जो नहीं है.'

'मुझसे विवाह करने के लिए तुमने कितने पापड़ बेले थे, भूल गये क्या ?'

□ □ □

एक अविवाहित डॉक्टर से बोला- जब मैं दोनों हाथ पर आगे झुककर हाथों को घुमाता हूँ तो दाहिने कंधे में दर्द होता है.

डॉक्टर- लेकिन आप ऐसा करते ही क्यों हैं ?

अविवाहित-कोट पहनने का कोई दूसरा उपाय आप जानते हों तो मुझे भी बताएँ.

फिल्म वर्ग पहेली- 3076



बायें से दायें:-

१. अमिताभ, जया की 'ये जुल्फ कैसी है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. 'सीमायें बुलाये तुझे' गीत वाली जे.पी.दत्ता की युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी एक मल्टीस्टारर फिल्म-२,१,१
६. फिल्म 'साया' में नायिका कौन थी-२
७. 'झमका चाँदी दा' गीत वाली मनोज, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
८. अभिषेक, अंतरा माली की 'बेरंग जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'जीवनमृत्यु' में नायिका थी-२
१४. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फराजखान, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आज मदहोश हुआ जाये' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
१७. संजय कपूर, रवीना, अदिति की 'हंसता है रूलता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'सनन सनन साय साय हो' गीत वाली गोविंदा, रमैया की फिल्म-४,२
२२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तू कल चला' गीत वाली संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम ढिल्लों की फिल्म-२
२४. जैकी, सुनील शेट्टी, डिनो, करिश्मा की 'ऐ सुबह तू' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'हुस्ने जाना इधर आ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-२
२८. देवआनंद, गीता बाली की 'चांदनी रातें प्यार की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जिनके पास हाथी घोड़ा' गीत वाली राजकुमार, लीना की फिल्म-२,१,२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'लड़की जो आए बाजार में' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मनीषा की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'नदिया किनारे आआ' गीत वाली संजय दत्त, आफताब, नंदिता की फिल्म-२
२. ऋषिकपूर, माधुरी दीक्षित की 'जाने वो कैसा चोर था' गीत वाली फिल्म-३
३. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
४. अक्षय, करीना कपूर, प्रियंका की फिल्म-४
५. 'दिल दिया है तुझे' गीत वाली अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
९. राहुल बोस, करीना कपूर की 'जाने क्यूं हमको' गीत वाली फिल्म-३
१०. राजकपूर, परवीन की 'आपसा कोई हसीन' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'तोता मैना की कहानी' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१३. मिलिंद सोमण, किरण झवेर की 'जीना है तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'सुलगे हुए हैं' गीत वाली जिमी, इरफान, ऋषिता, नम्रता की फिल्म-३
१९. फिल्म 'अवतार' में राजेश की नायिका ?-३
२०. 'नहीं ये हो नहीं सकता' गीत वाली फिल्म-४
२१. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, मधु, सीमा की 'आई सी यू बेबी' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'रंग और नूर की बारात' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
२४. नसीर, फारूख शेख, स्मिता की फिल्म-३
२६. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२७. शाहरूख, माधुरी की 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3075

सूडोकु -3076

7	8				2	6		3
			4					
1	3	5		8				
	2			1			7	8
6	7			9			2	
				6		5	9	2
					3			
2		8	5				6	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3075 का हल

4	3	2	9	5	6	1	7	8
6	8	5	7	1	4	9	2	3
9	1	7	3	8	2	4	5	6
3	4	8	6	2	7	5	1	9
5	6	1	8	4	9	2	3	7
2	7	9	5	3	1	6	8	4
1	9	3	4	7	5	8	6	2
8	2	4	1	6	3	7	9	5
7	5	6	2	9	8	3	4	1

शब्द पहेली - 3076

बाएँ से दाएँ

1.पदमाकर,कमल सरोवर-5
4.इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6.देवस्थान,मंदिर-2
7.शिव आवास-3
8.उत्तम,सज्जन-2
10.पति,शोहर-3
11.दमकना-4
14.टीस,पीड़ा-3
16.झरने की आवाज-4
17.आशा,इच्छा-2
18.संध्या,शाम-2
19.निराकार,भगवान-4
21.बुझाना,शांति-3
22.अभिप्राय-4
24.आंचल-3
25.घोड़ागाड़ी-2
27.उष्ण-3
28.पिता के पिता-2
29.पंक्ति-3
30.तहजीबदार-5

ऊपर से नीचे

1.कथा कहने वाला-5
2.चित,जी-2
3.कार्यशाला,यंत्रालय-4
4.माहिर,दक्ष-3
5.आकाश,गगन-2
7.कारावास-2
9.योग्य-3
12.अनुमान,अंदाज-3
13.झगड़ा,कहासुनी-4
15.मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16.पक्षियों का शोर-4
17.राहत, विश्राम -3
18.मुसीबत, आफत -3
20.होशियार, चेतावनी-5
21.नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23.मगरमच्छ-3
24.दर,मूल्य-2
26.भूमि,धरती-2
28.पिता के पिता-2

शब्द पहेली -3075 का हल

नोएडा और दिल्ली मेट्रो में एक कार्ड से होगी यात्रा

5वें स्थापना दिवस पर चंद्रयान-3 की थीम पर हुआ लॉन्च

नोएडा। नोएडा और दिल्ली मेट्रो से सफर करने वाले मुसाफिर एक ही एक्सिस कार्ड से यात्रा कर सकेंगे। इसके लिए नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) और दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) दोनों कंपनियां मिलकर एक साथ काम कर रही है। एनएमआरसी के एमडी लोकेश एम ने बताया कि सभी टेक्निकल इशू दूर किए जा चुके है। जल्द ही इस नए कार्ड को लॉन्च किया जाएगा।

आज एनएमआरसी अपना पांचवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस मौके पर एनएमआरसी ने अपना नया एक्सिस कार्ड (एसबीआई कार्ड) भी लॉन्च किया। ये कार्ड चंद्रयान-3 की थीम पर बना है। जल्द ही ये कार्ड लोगों को मिलने शुरू होंगे। उन्होंने बताया कि नोएडा में 1 जनवरी 2023 से करीब 8 हजार मुसाफिर एक्सिस कार्ड का प्रयोग कर रहे है। नया कार्ड पर चंद्रयान-3 की फोटो भी शामिल की गई है। जिसे हम सभी देश सफलता के तौर पर देखते है।

एमडी ने कहा कि एनएमआरसी यहां तीन नए रूट जल्द बनाए जाएंगे। पहला सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्डन तक इसकी डीपीआर शासन को भेजी जा चुकी है। दूसरा मेट्रो डीपो से बोडाकी तक इसकी डीपीआर भी शासन के पास है और तीसरा नॉलेज

पार्क ये प्रोसेस में है। जितनी ज्यादा राइडर शिप होगी एक्वा मेट्रो को उतना राजस्व मिलेगा। इसके लिए प्रयास किए जा रहे है।

एमडी ने कहा कि अब सभी मेट्रो स्टेशन पर टिकट वेंडिंग मशीन लगा दी जाएगी। बार कोड स्कैनर लगाए गए, स्टेशनों पर चार्जिंग स्टेशन और लगेज काउंटर बनाए गए। मेट्रो स्टेशन पर क्योस्क भी बनाए जा रहे है ताकि राजस्व को बढ़ाया जा सके।

राइडर शिप बढ़ाने के लिए चलें गी फीडर बस

लोकेश एम ने कहा के एक संस्था तब ही चल सकती है जब उसके पास राजस्व के संसाधन पर्याप्त हो। वर्तमान में हम नोएडा प्राधिकरण से 110 करोड़ रुपए लेते है। इसे समाप्त कर अब आत्मनिर्भर बने जा रहे है। हमारे लिए राइडर शिप सबसे महत्वपूर्ण है। इसके लिए हम फीडर बस भी चलाएंगे। इसे नोएडा प्राधिकरण चलाएगा। जिसे लास्टमाइल कनेक्टिविटी के लिहाज से बनाया जाएगा। इससे मुसाफिर की मेट्रो तक रीच बढ़ेगी।

मेट्रो एप से बुक करे ई रिक्शा और बस में सीट

इसी तरह एनएम आरसी एक मेट्रो एप लॉन्च करने जा रहा है। जिसके जरिए ई रिक्शा, ऑटो और बाइक के अलावा बसों में सीट तक बुक की जा सकती है। ये एप बनकर लगभग तैयार है। इसे भी लॉन्च किया जाएगा। इससे उन मुसाफिर को आसानी होगी जो मेट्रो से आते है और उनको स्टेशन के नीचे लोकल ट्रांसपोर्ट नहीं मिलता। उनके लिए ये काफी बेहतर ऑप्शन होगा।

सोसाइटी में लावारिस कुत्तों ने मासूम पर हमला किया

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की अजनारा होम्स सोसाइटी में तीन लावारिस कुत्तों ने पांच वर्षीय बच्ची पर हमला कर दिया। कुत्तों ने अपने दांतों से उसके कपड़े फाड़ दिए। बच्ची की मम्मी ने आकर कुत्तों को भगाकर उसकी जान बचाई।बच्ची के पिता जेपी श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी बेटी सोसाइटी परिसर में बने प्ले स्कूल में पढ़ती है। रोजाना बच्ची की मम्मी उसे स्कूल से लेने जाती है। गुरुवार को 12: 30 बजे आई टावर के सामने बने पार्क में उनकी बेटी अपने चार दोस्तों के साथ में खेलने लगी। इस दौरान उसकी मम्मी, एक और महिला पार्क में बैठकर बच्चों को वापस ले जाने के लिए इंतजार करने लगीं, तभी पार्क में तीन लावारिस कुत्ते आ गए और बच्चों पर हमला कर दिया।

युवती के साथ रेप कर बनाया वीडियो

भाई के साथ की मारपीट, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में युवक ने युवती से रेप किया। उसका वीडियो बनाया। इसके बाद उसे ब्लैक मेल करने लगा। इस दौरान पीड़िता ने अपने भाई को वीडियो की जानकारी दी। पीड़िता के भाई ने आरोपी से वीडियो डिलीट करने को कहा। इस पर आरोपी ने पीड़िता के भाई के साथ मारपीट की। पीड़िता ने इस पूरे मामले की जानकारी 24 जनवरी को थाना सेक्टर-63 में दी।

पुलिस ने सर्विलांस और मैनुअल इनपुट के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान जुबेर के रूप में हुई। इसे एसजेएम तिराहा अंडर पास के नीचे से गिरफ्तार किया। आरोपी भागने की फिराक में था। आरोपी गाजियाबाद का रहने वाला है और युवती को जानता था। वो उसे बहला फुंसला कर ले गया और उसके साथ रेप किया। पीड़िता ने इसका विरोध किया तो उसको वीडियो बना लिया। जिसके बाद वो उसे ब्लैकमेल करना चाह रहा था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं इसी थाने के एक अन्य मामले में पुलिस ने 14 घण्टे के अंदर अपहृत को सकुशल बरामद किया है। दरअसल पीड़िता के परिजनों की ओर से थाना सेक्टर-63 को सूचना दी गई थी उसकी नाबालिग बेटी को अज्ञात युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। जिसके संबंध में पुलिस टीम का गठन किया और नाबालिग को बरामद करते हुए आरोपी आकिल पुत्र फजरुद्दीन को छिजारसी अंडर पास से गिरफ्तार किया गया है।

गणतंत्र दिवस पर हाई अलर्ट, पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

नोएडा। गणतंत्र दिवस परेड और बुलंदशहर में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम के मद्देनजर यातायात पुलिस ने जिले में मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। बृहस्पतिवार सुबह 7 बजे से 26 जनवरी की परेड खत्म होने तक रोक लागू रहेगी। बुधवार को ट्रैफिक पुलिस ने इस बाबत संशोधित नो एंट्री प्लान जारी कर दिया। इससे पहले जारी प्लान में सुबह और दोपहर को वाहनों को रोक से छूट दी गई थी।

नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की

डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव के मुताबिक बुलंदशहर में पीएम के कार्यक्रम की वजह से बृहस्पतिवार सुबह से ही दिल्ली से बुलंदशहर मार्ग पर वीआईपी व वीवीआईपी मूवमेंट रहेगा।

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोपहर से शाम तक बुलंदशहर से दिल्ली रूट पर एक बार फिर वीवीआईपी मूवमेंट रहेगा। इसी तरह 25 जनवरी की रात 10 बजे से दिल्ली में भी सभी प्रकार के मालवाहक वाहनों की नो एंट्री लागू हो जाएगी। इसे देखते हुए विभाग ने 25 जनवरी की सुबह सात बजे से लेकर 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस कार्यक्रम खत्म होने तक जिले में नो एंट्री लागू करने का निर्णय लिया है। पुलिस ने दोपहर के समय मिलने वाले नो एंट्री से छूट को भी खत्म कर दिया है।

डीसीपी यातायात के मुताबिक दिल्ली में नो एंट्री के कारण नोएडा-दिल्ली की सीमा पर अधिक मालवाहक वाहनों के आ जाने से यातायात व्यवस्था बिगड़ने की आशंका और वीआईपी मूवमेंट को सुचारू बनाने के लिए नो एंट्री लगाने का फैसला किया है। यह आदेश नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे पर भी लागू होगा।

इन वाहनों को मिलेगी छूट

पुलिस के मुताबिक रसोई गैस सिलिंडर, ऑक्सीजन ले जा रहे वाहनों वाहनों के अलावा दूध, दही, दवा, सब्जी लेकर आनेजाने वाले वाहनों और एंबुलेंस समेत अन्य आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों पर रोक लागू नहीं होगी।

दिल्ली के बॉडरों पर कड़ी सुरक्षा

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से सटे होने के कारण नोएडा में खास सतर्कता बरती जा रही है।

पुलिस और एटीएस की टीम सक्रिय हो गई है। जनपद की सीमाओं की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। शहर में सुरक्षा की कमान क्षेत्र के हिसाब से पुलिस क्षेत्राधिकारियों को सौंप दी गई है। सीसीटीवी, सर्विलांस और पुलिस कंट्रोल रूम को भी पूरी तरह से एक्टिव कर दिया गया है।

सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन के गेट के पास मिला बैग

सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन के गेट के पास बुधवार दोपहर को संदिग्ध अवस्था में बैग मिलने की सूचना मिलते ही उस स्थान को खाली करा दिया गया। दोपहर करीब 12: 20 बजे सीआईएसएफ और नोएडा पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। मौके पर डॉग और बम स्क्वॉयड को बुलाया गया। बैग की जांच में कोई विस्फोटक नहीं मिला। अहम है कि 26 जनवरी और बुलंदशहर में प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर हाई अलर्ट पर है।

यूपी दिवस में 'उद्यमी गोष्ठी' का हुआ आयोजन

निवेश को बढ़ाने पर दिया गया जोर, संस्कार भारती द्वारा आयोजित गए सांस्कृतिक कार्यक्रम

नोएडा। यूपी दिवस के दूसरे दिन निवेश को बढ़ाने के लिए आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जनपद के उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ उद्यमी गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के औद्योगिक विकास को किस तरीके से बढ़ाया जा सकता है, इस विषय पर गहन विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने उद्यमी संगठन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि जनपद के औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने में जिला प्रशासन के द्वारा आपका पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर

उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजित हो रहे कार्यक्रम में उपस्थित सभी उद्यमीय, गणमान्य व्यक्तियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के कलाकारों को मतदान करने की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर यह भी बताया कि मतदाता, मतदाता सूची में अपना नाम किस तरीके से जांच कर सकते हैं। इसकी पूर्ण जानकारी विस्तार परक रूप से उपलब्ध कराई।

दूसरे दिन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ते हुए उद्यमी गोष्ठी के उपरांत संस्कार भारती द्वारा प्रायोजित देशभक्ति गीत, वंदे मातरम एकल गायन, राग गायन, ऐ जय नंदिनी समूह गायन, उन्नत भारत की कहानी पर नाटक, गणेश वंदना, विजयी भवः कार्यक्रम, गुरु चरण पर शीश नवाऊं, माल कौश तराना, अवधी रामलला सोहर, मौर्य फिल्म और थिएटर द्वारा नाटक प्रस्तुति व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम मंच का संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह के द्वारा किया गया। वहीं शाम को लाफ्टर शो और पार्श गायक विशाल श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

तीन माह बाद रोडवेज बसों को ग्रेनो में ही मिलेगी सीएनजी

ग्रेटर नोएडा। रोडवेज के ग्रेटर नोएडा डिपो की बसों को सीएनजी भरवाने के लिए नोएडा का चक्कर नहीं लगाना होगा। अंतरराज्यीय बस अड्डे पर सीएनजी फिलिंग स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। विभाग के मुताबिक फिलिंग स्टेशन का निर्माण अप्रैल तक पूरा करके रोडवेज को सौंप देने की तैयारी है। अभी तक ग्रेनो डिपो की उस रूट की बसें जिनके रास्ते में नोएडा नहीं पड़ता है, उनको भी सीएनजी फिलिंग के लिए पहले नोएडा जाना होता था। उसके बाद वह लौटकर ग्रेटर नोएडा आकर अपने गंतव्य की ओर जाती थीं। बुलंदशहर, मुरादाबाद, बदायूं, चंदौसी, अलीगढ़, आगरा, मथुरा, संभल, हपुड़, कोटद्वार आदि रूट की बसों को फिलिंग के लिए उल्टे नोएडा जाना होता था। इससे समय और सीएनजी दोनों की ही बर्बादी होती है। डिपो में 153 बसें हैं। 304 ड्राइवर हैं और करीब 274 परिचालक हैं। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आइजीएल) ने बस अड्डे पर सीएनजी के दो पंप लगाने की अनुमति ग्रेटर नोएडा डिपो को दी थी। अब डिपो परिसर में फिलिंग स्टेशन बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। ग्रेटर नोएडा डिपो में रोडवेज की बसों के लिए सीएनजी फिलिंग स्टेशन बन जाने से बसों की दूरी तक जाने की क्षमता भी बढ़ जाएगी।

निर्माणाधीन इमारत की तीसरी मंजिल से गिरा मजदूर, मौत

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट के निर्माणाधीन आम्रपाली सेंचुरियन प्रोजेक्ट में बृहस्पतिवार को तीसरी मंजिल पर काम कर रहा मजदूर गिर गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल बिहार के अररिया निवासी असमुद्दीन (35) को अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस प्रोजेक्ट में सुरक्षा उपकरणों की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस अभी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि किसी लापरवाही की वजह से तो हादसा नहीं हुआ। बिसरख कोतवाली प्रभारी के मुताबिक बृहस्पतिवार शाम एक निजी अस्पताल से असमुद्दीन की मौत की सूचना मिली थी। मामले की पड़ताल में पता चला कि असमुद्दीन आम्रपाली के निर्माणाधीन सेंचुरियन प्रोजेक्ट में तीसरी मंजिल पर काम कर रहा असमुद्दीन गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य मजदूरों की मदद से असमुद्दीन को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अहम है कि आम्रपाली के प्रोजेक्ट में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एनबीसीसी के अधिकारी निर्माण कार्य करा रहे हैं। इससे पहले 15 सितंबर को ग्रेनो वेस्ट टेकजोन-4 स्थित आम्रपाली ड्रीम वैली-2 प्रोजेक्ट की साइट पर लिफ्ट गिरने से नो लोगों की मौत हुई थी। उस दौरान निर्माण में जुटी गिरधारी कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई थी।

देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा ग्रेटर नोएडा

नोएडा। ग्रेटर नोएडा गुरुवार को देश का सबसे वायु प्रदूषित शहर रहा। यहां का एक्यूआई 391 दर्ज किया गया। दूसरे सबसे वायु प्रदूषित शहर भागलपुर रहा। वहां का एक्यूआई 364 दर्ज किया गया।दिल्ली-एनसीआर में ग्रेटर नोएडा के बाद सबसे प्रदूषित शहर फरीदाबाद रहा। यहां का एक्यूआई 336 रहा। सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे में प्रदूषित कण मिलने के कारण दोपहर तक स्मॉग बना रहा। सुबह 11 बजे के बाद खिली धूप निकली, जिससे ठंड से राहत मिली। नोएडा का अधिकतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम रहा। न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

केमिकल का ऑर्डर देकर 4 लाख ठगे

नोएडा में 2 महिलाओं ने दिया था छूट का ऑफर, फंड ट्रांसफर होते ही बंद हुए मोबाइल

नोएडा। कैंसर की दवाई में प्रयोग होने वाले केमिकल का ऑर्डर देकर दो महिलाओं ने एक कारोबारी के साथ चार लाख रुपए की ठगी की। कारोबारी ने मामले की शिकायत सेक्टर-39 पुलिस से की है। सेक्टर-100 स्थित लोट्स बुलेवर्ड सोसाइटी निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि वह प्रज्ञान एक्सपोर्ट कॉर्पोरेशन कंपनी के प्रोपराइटर हैं। उसकी कंपनी आयात और निर्यात का काम करती है। शिकायतकर्ता के पास कस्तूरी पांडुरोग नामक महिला का ईमेल आया। उसने खुद को यूनिवर्सल हेल्थ केयर फार्मास्यूटिकल्स कंपनी का एजेंट बताया। कस्तूरी ने ईमेल के माध्यम से कैंसर की दवाई में प्रयोग

होने वाले केमिकल की सप्लाई करने का ऑफर दिया। महिला ने बताया कि वह शर्मा इंटरप्राइजेज से उक्त केमिकल खरीद कर उन्हें सप्लाई करें, वह धनराशि कारोबारी के खाते में ट्रांसफर कर देंगे। महिला की बातों में आकर शिकायतकर्ता ने शर्मा इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की एजेंट नीता भट्ट से केमिकल के बारे में संपर्क किया। नीता भट्ट ने बताया कि उसके पास अच्छी क्वालिटी का माल है और उसकी कीमत एक लाख 65 हजार रुपए प्रति लीटर है।

उसने ढाई लीटर की कीमत पर 5 प्रतिशत की छूट देने की बात कही। सुशील कुमार ने ढाई लीटर केमिकल के लिए 398,500 खाते में ट्रांसफर कर दिए। पैसे ट्रांसफर करने के बाद शिकायतकर्ता ने केमिकल की सप्लाई के लिए जब कस्तूरी से संपर्क करना चाहा तो उसका मोबाइल बंद आने लगा। इसके अलावा जब नीता नाम की महिला से शिकायतकर्ता ने बात की तो उसने बदसलूकी करते हुए सुनील को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

हवाई अड्डे का निर्माण कार्य होगा तेज, बढ़ाए जाएंगे एक हजार श्रमिक

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। निर्माणाधीन नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के कार्यों में और तेजी लाई जाएगी। इसके लिए श्रमिकों की संख्या सात हजार से बढ़ाकर आठ हजार की जाएगी। फिलहाल यहां दो शिफ्ट में श्रमिक निर्माण कार्य कर रहे हैं। एयरपोर्ट में फरवरी से उड़ानों का ट्रायल शुरू होना है जिसे लेकर उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है।

नोएडा हवाई अड्डे का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। फिलहाल यहां 7682 श्रमिक निर्माण कार्य में जुटे हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड और ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल के बीच हुए अनुबंध की शर्तों के अनुसार एयरपोर्ट के निर्माण कार्य के लिए 1095 दिन निर्धारित हैं। यह समय सीमा आगामी 29 सितंबर 2024 को समाप्त हो रही है।

निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने को लेकर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने विकासकर्ता कंपनी के अधिकारियों के साथ बीते दिनों बैठक की थी। इस दौरान निर्माण कार्य सहित अन्य बिंदुओं पर वार्ता हुई।

निर्माण कार्य में और अधिक तेजी लाने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाने पर सहमति बनी है। एयरपोर्ट पर 3900 मीटर लंबे रनवे का 2200 मीटर हिस्सा तैयार हो चुका है।

इसके अलावा टर्मिनल बिल्डिंग व एटीसी टॉवर का काम भी अंतिम चरण में है। उड़ानों से संबंधित उपरकरण लगाए जा रहे हैं।

> एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए 1000- 1200 मजदूर तैनात किए जाएंगे। आगामी 29 सितंबर को प्रस्तावित उड़ान से पहले सभी काम पूरे कर लिए जाएंगे। रनवे, टर्मिनल बिल्डिंग व एटीसी टॉवर का काम अंतिम चरण में है।
>
> **- डॉ अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**

महिला ने बाप-बेटों पर लगाया मारपीट का आरोप

ग्रेटर नोएडा। एक महिला ने अपने चचिया ससुर व दो देवरों के खिलाफ गाली-गलौज व मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

मूल रूप से अलीगढ़ की रहने वाली रुखसार हाल में गांव जलपुरा में रह रही है। रुखसार ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर ओमिक्रोन-3 में रहने वाले अपने चचिया ससुर फरियाद के यहां मिलने के लिए गई थी। इस दौरान फरियाद और उसके बेटों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी।

रुखसार का आरोप है कि जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसके चचिया ससुर फरियाद व उनके बेटे इरशाद तथा शहजाद ने उसके साथ मारपीट की।

शोर सुनकर आए आसपास के लोगों ने किसी तरह उसे आरोपियों के चंगुल से बचाया।

शार्ट न्यूज

मकानों से सामान चोरी करने वाले गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। कासना कोतवाली पुलिस ने निर्माणधीन मकानों से सामान चोरी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के 17 लोहे के जैक पाइप और घटना में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी बरामद की। पुलिस इनके गिरोह में शामिल अन्य चोरों की तलाश में जुटी है।कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपियों को सिरसा गोल चक्कर के पास से चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहित निवासी ग्राम लडपुरा, रोहित निवासी ग्राम हतेवा, इस्तखार निवासी कस्बा सिकंदराबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर एक निर्माणाधीन मकान से चोरी किए गए लोहे के जैक पाइप और घटना में प्रयुक्त गाड़ी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह निर्माणाधीन मकान से सामान चोरी की घटना का अंजाम देते थे। पुलिस पकड़े गए चोरों के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटा रही है।

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर युवती से 11 लाख ठगे

नोएडा। साइबर अपराधी ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट को बढ़ाने का झांसा देकर सेक्टर-55 निवासी युवती से 11 लाख 60 हजार रुपये ऐंठ लिए। इसको लेकर युवती ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है।सेक्टर-55 निवासी कोमल ने बताया कि उनके पास कुछ समय पहले एक व्यक्ति ने कॉल की और खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। इसके बाद आरोपी ने कहा कि बैंक की तरफ से उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ा करके चार लाख रुपये कर दी गई है। इसके लिए उनको कुछ प्रक्रिया को पूरा करना होगा। आरोपी ने उनके क्रेडिट कार्ड की डिटेल, बैंक की डिटेल के साथ ही अन्य दस्तावेज ले लिए। इसके बाद आरोपी ने उनके क्रेडिट कार्ड से चार लाख रुपये का लोन ले लिया। इसके नेट बैंकिंग के जरिए उके बैंक खाते से सात लाख 60 हजार रुपये का व्यक्तिगत लोन ले लिया। बैंक में लोन हो जाने के बाद जब मैसेज आने लगे तो उनको ठगी की जानकारी हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घर से स्कूल के लिए निकली दो सगी बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

ग्रेटर नोएडा। बिरौंडा गांव स्थित अपने घर से स्कूल जाने के लिए निकली दो सगी बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। परिजनों के तलाशने के बाद भी दोनों बहनों का कोई पता नहीं चला है। पिता ने बेटियों की सकुशल बरामदगी की मांग को लेकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। बीटा दो कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर दोनों बहनों की तलाश शुरू कर दी है।बीटा दो कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बिरौंडा गांव के रहने वाले अमरजीत ने पुलिस को बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी साकीपुर के एक इंटर कॉलेज में 12वीं कक्षा की छात्रा है, जबकि 8 वर्षीय बेटी बिरौंडा गांव के एक प्राइमरी स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ती है। मंगलवार की सुबह उसकी दोनों बेटियां साइकिल पर सवार होकर घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। लेकिन वह स्कूल नहीं पहुंची और वापस घर भी नहीं लौटी, दोनों बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में रास्ते से लापता हो गई हैं। परिजनों के काफी तलाशने के बाद भी दोनों बहनों का कोई सुराग नहीं लगा है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पुलिस की टीम दोनों बहनों की तलाश में जुटी है। दोनों बहनों का जल्द पता लगाकर उन्हें सकुशल बरामद किया जाएगा।

गाजियाबाद में भाई ने बहन को गोली मारी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र में 12वीं की छात्रा को गोली मार दी गई। पुलिस को घटना की जानकारी अस्पताल के जरिए मिली। पुलिस के मुताबिक पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी पुत्री स्कूल जा रही थी उसी समय स्कूटी सवार दो बदमाशों ने गोली मार दी। पुलिस की आगे की छानबीन के पता चला कि छात्रा के भाई ने उसको गोली मारी है। पुलिस ने आरोपी भाई को हिरासत में ले लिया है और उसके कब्जे से तमंचा भी बरामद हुआ है। गाजियाबाद में एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि थाना कविनगर क्षेत्र के रजापुर में रहने वाली 12वीं की छात्रा भूमि चौधरी के गोली लगने की खबर पुलिस को मिली। यह खबर पुलिस को सर्वोदय अस्पताल से मिली। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां भूमि चौधरी के पिता जयवीर चौधरी मिले। जयवीर ने पुलिस को बताया कि जब सुबह उनकी बेटी स्कूल जा रही थी उसी समय स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उनकी बेटी को गोली मार दी। पुलिस ने तत्काल इस मामले में मुकदमा दर्ज किया और आगे की छानबीन शुरू करी। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव के मुताबिक वारदात वाली जगह पर पूछताछ एवं आसपास के सीसीटीवी से यह पता चला है की भूमि चौधरी को गोली उसके ही भाई ध्रुव चौधरी ने मारी है।

होटल में ले जाकर 10वीं की छात्रा से रेप

मोदीनगर। गाजियाबाद के मोदीनगर थाना क्षेत्र में 10वीं की छात्रा को होटल ले जाकर मकान मालिक के बेटे ने चाकलेट में नशीला पदार्थ देकर रेप किया। पीड़िता ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद पीड़िता ने परिजनों को पूरी बात बताई। उनकी शिकायत पर एसीपी ने होटल पर छापेमारी की। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एक गांव निवासी एक व्यक्ति किराए के मकान में रहते हैं। उनकी 17 वर्षीय पुत्री कक्षा दस की छात्रा है। किशोरी के पिता ने बताया कि मकान मालिका का शादीशुदा पुत्र 20 दिन पहले मेरी पुत्री को घुमाने की बात कहकर अपने साथ ले गए। वह उसे लेकर एक ओयो होटल में ले गया और चाकलेट में नशीला पदार्थ देकर रेप किया। होश में आने पर किशोरी ने विरोध किया तो आरोपी ने परिवार सहित किशोरी को जान से मारने की धमकी दी। जिस कारण किशोरी ने चुप्पी साध ली। इसके बाद आरोपी ने दोबारा होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। तीसरी बार संबंध बनाने पर आरोपी ने छात्रा को मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। आरोपी तीन बच्चे का पिता है।

प्राथमिक विद्यालय में घटिया निर्माण सामग्री का विरोध

मोदीनगर। मुरादनगर ब्लॉक के गांव महम्मदपुर में प्राथमिक विद्यालय के पुनर्निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का मामला सामने आया है। घटिया सामग्री के विरोध में ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। मामला उजागार होने के बाद निर्माणाधीन भवन का लिंटर गिरा दिया गया। गांव महम्मदपुर में प्राथमिक विद्यालय का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने निर्माण कार्य अनुज मित्तल की फर्म मित्तल जनरेटर्स को दिया हुआ है। 15 लाख रूपये से अधिक की लागत से यहां दो कमरे,एक बरामदा और एक प्रधानाचार्य कक्ष बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की मिलीभगत से मानक के विपरीत सरियों का जाल बनाकर नकली सीमेंट से लिंटर डाल दिया। घटिया सामग्री इस्तेमाल के विरोध में ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा। सूचना के बाद पूर्व जिला पंचायत सदस्य विकास यादव भी मौके पर पहुंच गए और उन्होने मामले की शिकायत शिक्षा विभाग के अधिकारियों से की।

गाजियाबाद पुलिस की ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

गाजियाबाद । गणतंत्र दिवस पर कर्तव्यपथ दिल्ली में होने वाली मुख्य परेड के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है।25 जनवरी रात नौ बजे से गाजियाबाद की सीमा से दिल्ली की ओर व्यावसायिक वाहन नहीं जा सकेंगे। रूट डायवर्जन 26 जनवरी को कार्यक्रम समाप्ति तक रहेगा। सभी 12 प्वाइंट पर पुलिस बल तैनात रहेगा। एडीसीपी यातायात विरेंद्र कुमार का कहना है कि रूट डायवर्जन के दौरान हल्के, मध्यम और भारी व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश दिल्ली में बंद रहेगा। ये वाहन यूपी गेट/गाजीपुर बॉर्डर, दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे यूपी/गाजीपुर बॉर्डर, महाराजपुर/आनंद विहार बॉर्डर, सीमापुरी बॉर्डर, डीएलएफ भोपुरा बॉर्डर, लोनी बॉर्डर, ईडीएम मॉल रोड, सूर्यनगर शाहदरा बॉर्डर, तुलसी निकेतन बॉर्डर, सेवाधाम चौकी तिराहा, अंकुर विहार बॉर्डर और सभापुर तिराहे की ओर से दिल्ली नहीं जा सकेंगे। किसी भी परेशानी की स्थिति में यातायात हेल्पलाइन नंबर- 9643322904, 0120-2986100, यातायात निरीक्षक यूपी गेट- मनोज कुमार सिंह - 8130674912, यातायात निरीक्षक मोहननगर/सीमापुरी/ लोनी बॉर्डर अर्जुन सिंह- 9690118728 पर संपर्क कर सकते हैं।

9वीं मंजिल से गिरकर मॉडल की मौत

जिस लड़के के साथ लिव-इन में रही, उसी पर हत्या के आरोप

लखनऊ। लखनऊ के सेलिब्रिटी मीडोज अपार्टमेंट की 9वीं मंजिल से संदिग्ध हालात में गिरकर छात्रा की मौत हो गई थी। वह नीट की तैयारी करती थी। साथ में मॉडलिंग में करियर बनाने के लिए स्ट्रगल कर रही थी। इस मामले में बुधवार को नया मोड़ आ गया। छात्रा की मां ने बेटी के 1 दोस्त समेत 2 पर स्न्ढ्ढक्र दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि बेटी को पार्टी के बहाने दोस्त एक फ्लैट पर लेकर गया।

वहां उसको शराब पिलाई। फिर बेटी के नशे में होने का फायदा उठाने का प्रयास किया।

जब उनकी बेटी ने विरोध किया, तो दोनों ने मिलकर फ्लैट की बालकनी से उसको नीचे फेंक दिया। फिर नशे की हालत में बालकनी से गिरने की कहानी

गढ़कर हत्या को हादसा बना डाला। पुलिस ने दो लड़कों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अब रेप की कोशिश के बाद हत्या करने के आरोप की जांच शुरू कर दी है।

किराए के मकान में रहकर कर रही थी नीट की तैयारी

लड़की सीतापुर की रहने वाली है। गोमतीनगर के स्वाति अपार्टमेंट में किराए पर रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। उसके साथ एक और लड़की रहती थी। दोनों साथ में नीट की कोचिंग करती थीं। लड़की की रूम मेट का भाई शुभम भी इसी फ्लैट में रहता था।

मां ने शुभम राय पर आरोप लगाया कि 21 जनवरी की रात को बहलाकर उनकी बेटी को सुशांत गोल्फ सिटी ले गया।

यहां सेलिब्रिटी मीडोज अपार्टमेंट में रहने वाले दोस्त समीर सिंह के फ्लैट नंबर 903 में पार्टी थी। इसी फ्लैट की बालकनी से मॉडल नीचे गिरी।

पूछताछ में समीर और शुभम ने बताया था कि छात्रा फोन पर बात करने के दौरान अधिक नशे में होने के चलते नीचे गिर गई। इसके बाद वो उसे लेकर मेदांता पहुंचे थे। यहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद चौकी इंचार्ज ने 22 जनवरी को लड़की के परिवार को सूचना दी।

मौत 21 जनवरी को, एफआईआर 3 दिन बाद

सीतापुर से सोमवार को परिजन लखनऊ पहुंचे। शुरुआत में उन्होंने कोई आरोप नहीं लगाए थे। मगर बुधवार को मॉडल की मां थाने पहुंची। उन्होंने तहरीर देकर हत्या और रेप के प्रयास का केस दर्ज कराया है। मां के मुताबिक उनकी बेटी को नीचे फेंका गया था।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भिड़ी 4 गाड़ियां, 1 की मौत

कानपुर। यूपी में कड़ाके की ठंड से कोई राहत मिलती नहीं दिखाई दे रही है।

गुरुवार सुबह लखनऊ और कानपुर में घना कोहरा है। लखनऊ-कानपुर में विजिबिलिटी 20 मीटर तक रह गई। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश के 9 जिलों में गुरुवार को कोहरे का रेड और 21 जिलों में ऑरेंज अलर्ट दिया गया है।

प्रदेश में 24 घंटे में सबसे ठंडा जिला शाहजहांपुर रहा। यहां रात का तापमान 4.6 दर्ज किया गया। गोरखपुर में 4.9 और मेरठ में 5.1 दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान वाराणसी में 11.4 रिकॉर्ड किया गया। गुरुवार को सर्द हवाओं के चलते 18 जिलों में कोल्ड डे का अलर्ट जारी किया गया है।

लखनऊ में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार सुबह कोहरे के चलते बड़ा हादसा हो गया। कोहरे के चलते एक ट्रक आगे चल रहे लोडर से टकरा गया। जिसके पीछे से कंटेनर और उसके पीछे प्राइवेट बस टकरा गई। इस हादसे में 8 यात्री घायल हो गए। वहीं ड्राइवर की मौत हो गई।

गोसाईगंज थाना पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। 3 गंभीर घायलों को ट्रामा सेंटर रिफर किया गया है। दुर्घटना के बाद गाड़ियों को क्रेन की मदद से हटवाया गया।

हालांकि, एक दिन पहले की तुलना में पारे में गिरावट आई है।

मंगलवार रात पहली बार इस सीजन में प्रदेश में मेरठ का पारा 1.5 दर्ज किया गया था। जो कि बुधवार रात को 5.1 पर पहुंच गया। वहीं, अयोध्या का पारा भी 2.5 से 5.5 दर्ज किया गया।

सौतेले पिता ने 7 साल के बच्चे का गला रेता

मुरादाबाद। मुरादाबाद में सौतेले बाप ने 7 साल के बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी मोहम्मद इदरीश गन्ना तोड़ने के बहाने बच्चे को खेत में ले गया और वहीं मुंह दबाकर गला रेत दिया। इसके बाद खुद पुलिस के पहुंचा और बच्चे की गुमशुदगी दर्ज कराई।

शक होने पर पुलिस ने इदरीशस से पूछताछ की तो पहले तो गुमराह किया, लेकिन सख्ती के बाद टूट गया। इदरीश ने गुनाह कबूल कर लिया है। डेड बॉडी बरामद कर ली गई है। आरोपी इदरीश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटना मुरादाबाद के कांठ थाना क्षेत्र में ऊमरी कस्बे के मोहल्ला नसीराबाद की है। बच्चे की हत्या 18 जनवरी को की गई थी। 19 जनवरी को इदरीश ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 23 जनवरी को पुलिस को बच्चे की डेडबॉडी जंगल में मिली थी।

एसएसपी हेमराज मीणा ने बताया कि इदरीश सौतेले बच्चे की हत्या करके अपने दुश्मन को फंसाना चाहता था। उसकी मंशा अपनी दूसरी बीवी को सबक सिखाने की भी थी। इदरीश ने पुलिस को बताया कि उसकी दूसरी



बीवी अंजुम उसकी पहली बीवी के बेटे को अपना बेटा नहीं मानती थी। इसलिए उसने अंजुम के पहले पति के बेटे की हत्या कर दी। 7 साल के सौतेले बेटे हसन की हत्या करने के बाद इदरीश उसे ढूंढने का नाटक करता रहा। पहले गुमशुदगी लिखाई फिर अपने दुश्मन पर शक जाहिर कर पुलिस को गुमराह भी किया।

रेप केस में जमानत पर छूटा था, बेटा अभी भी जेल में

इदरीश ने पुलिस को बताया, कुछ दिन पहले उसके कस्बे के ही एक व्यक्ति ने अपनी बेटी से रेप के आरोप में उसे, पत्नी अंजुम और पहली पत्नी के बेटे यूसुफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में इदरीश और अंजुम की जमानत हो गई। जबकि यूसुफ अभी भी जेल में बंद है।

अलीगढ़ में एक ही नंबर की दो गाड़ियां

अलीगढ़। अलीगढ़ में अपराधियों की धरपकड़ लगातार जारी है। अकराबाद पुलिस ने गुरुवार को एक ही नंबर पर चल रही दो गाड़ियां पकड़ी हैं। दोनों गाड़ियों पर एक ही नंबर था और आरोपी बेखौफ होकर इसे चला रहे थे। हाईवे पर पुलिस की नजर इन गाड़ियों पर पड़ी तो उन्होंने इन्हें रोकने की कोशिश की। पुलिस को पीछे देखकर आरोपियों ने गाड़ी भगाने की कोशिश की। जिसके बाद पुलिस की गाड़ियां आरोपियों के पीछे लग गई और हाईवे पर नाकाबंदी करके आरोपियों को दबोच लिया गया है। आरोपियों को पकड़ने के बाद पुलिस अब उनसे पूछताछ कर रही है, इसके साथ ही मुकदमा भी दर्ज किया जा रहा है। अलीगढ़ के अकराबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत की थी कि उसकी गाड़ी का नंबर लगाकर दूसरे लोग गाड़ियां चला रहे हैं। इसी कारण उसकी गाड़ी का चालान भी हो गया है। जिसके बाद पुलिस ने कंट्रोल रूम पर शिकायत प्रसारित कर दी थी और आरोपियों की तलाश की जा रही थी। क्षेत्र में गश्त के दौरान गुरुवार को पीआरवी ने एक ही नंबर की दो गाड़ियां देखी तो उन्हें रोककर पूछताछ करने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने वहां से भागने की कोशिश की।

इटावा में पुलिस और बदमाश की मुठभेड़

बदमाश ने कटीले तार लगाकर सब्जी व्यापारी से की थी लूट, पुलिस ने आरोपी के पैर में मारी गोली

इटावा। इटावा में पुलिस ने मुठभेड़ में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। कुख्यात अपराधी शिवम पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया है। अपराधी के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन, नकदी और अवैध तमंचा, कारतूस बरामद किए गए हैं। इसके दो अन्य साथी फरार है। मुठभेड़ बकवेर इलाके के नगला पलटू के पास हुई है। आरोपी ने पुलिस के ऊपर तमंचे से फायर कर दिया जिससे पुलिस कर्मी बाल बाल बच गया।

बता दें बीते 19 जनवरी को देर रात्रि करीब साढ़े तीन बजे सब्जी व्यापारी के साथ रास्ते में कटीलें तार लगाकर मोटरसाइकिल सवार व्यापारी को दुर्घटनाग्रस्त करके मोबाइल, नकदी लूटकर के तीन बदमाश फरार हो गए थे।

पीड़ित व्यापारी के भाई नीरज पुत्र अमरपाल सिंह निवासी इंद्रावखी ने पुलिस को सूचना दी कि उसके भाई के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया।

मौके पर पहुंची बकेवर पुलिस ने घायल व्यापारी को उपचार के लिए भर्ती करवाया और आरोपियों की तलाश में जुट गई।

आरोपी ने सब्जी व्यापारी के साथ घटना की बात को स्वीकारा

मुखबिर की सूचना के आधार पर बकेवर पुलिस ने करवा को करीब 8 बजे रात्रि को चेकिंग के दौरान एक आरोपी शिवम पुत्र सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने सब्जी व्यापारी के साथ घटना करने की बात स्वीकार की थी। असलहा के बारे में पूछताछ में आरोपी ने नगला देशराज के नगला पलटू पुलिया तिराहा के पास तमंचा छुपाने की बात की थी। जिस पर पुलिस आरोपी के बताए स्थान पर पहुंची तो बदमाश ने छुपा रखे तमंचे से फायर कर दिया जिससे पुलिस कर्मी बाल बाल बच गए। जवाबी कार्यवाई में पुलिस ने गोली चलाई जिसमे बदमाश के पैर में गोली लग गई।

पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार एक फरार, तलाश में जुटी पुलिस

इटावा एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि एक बदमाश जिसने बीते दिनों। अपने दो साथियों के साथ एक सब्जी व्यापारी को कटीले तार लगाकर रोककर उससे लूट की घटना को अंजाम दिया था। इसमें व्यापारी से नगदी, मोबाइल लूट लिए गए थे। व्यापारी को काफी गंभीर चोटे भी आई थी। जिसके चलते उसकी भर्ती कराया गया था।

बकेवर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इस बदमाश को गिरफ्तार किया है। फिलहाल इसके दो साथी फरार हैं पुलिस उनकी तलाश में भी जुटी हुई है। बकेवर पुलिस को दस हजार का इनाम देने की घोषणा की है।

प्रेमिका के घर मिली प्रेमी की लाश

प्रेमिका के घर मिली प्रेमी की लाश

3मेरठ। मेरठ में गुरुवार को प्रेमिका के घर पर प्रेमी की लाश मिली। प्रेमिका शादी शुदा है। उसके दो बच्चे हैं। हालांकि उसका पति से तलाक हो चुका है। जानकारी पर पुलिस टीम पहुंची। पुलिस को मौके पर लाश पर किसी प्रकार की चोट, कोई संघर्ष के निशान या खून नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि अभी से नहीं कह सकते की। हत्या हुई या अटैक से मौत हुई है।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल, पड़ोसी और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। वहीं, भाई फुरकान ने प्रेमिका पर हत्या का आरोप लगाया है। ये मामला लिसाड़ी में किदवई नगर के गली नंबर तीन का है।

रात को घर गया था, सुबह मिली लाश

इरफान पुत्र नफीस निवासी रिहान गार्डन की लाश एक महिला के घर पर मिली है। यह महिला युवक की प्रेमिका बताई जा रही है। महिला शादी शुदा है और दो बच्चों की मां है।अब यहां लिसाड़ी गेट में रहती है। इरफान का इस महिला से अफेयर चल रहा था। अक्सर मिलने उसके घर आता है। बुधवार रात भी मिलने गया था। सुबह उसकी मौत हो गई।

इरफान के भाई फुरकान ने बताया कि महिला के एक बेटे की तबीयत खराब रहती है। इरफान ही उसकी दवा का खर्चा भी उठा रहा था। उसी भाई को रात में बुलाया था। इसके बाद साजिश करके मार डाला। वो भाई से सिर्फ रुपए ऐंठती थी।

वहीं, पड़ोसियों का कहना है कि इरफान दिल का मरीज था। दिल का दौरा पड़ने से युवक की मौत हुई होगी। सीओ कोतवाली ने बताया कि भाई फुरकान ने महिला पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले की जांच की जा रही है।

जहर देकर मारने का शक

भाई फुरकान ने बताया कि महिला ने ही मेरे भाई को मारा है। पुलिस का कहना है कि सही जानकारी रिपोर्ट आने पर ही मिलेगी। अभी पुलिस जहर देने के एंगल, शराब की ओवरडोज की वजह से मौत होने की शंका पर जांच कर रही है।

कंबल से भरे चलते ट्रक में लगी आग

मेरठ। मेरठ के परीक्षितगढ़ स्थित खानपुर पुलिया के निकट कंबलों से भरे चलते ट्रक में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद ट्रक चालक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई और मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी जानकारी मिलने पर दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और किसी तरह आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक ट्रक और उसमें रखे कंबल जलकर राख हो चुके थे। पानीपत का रहने वाला सचिन ट्रक में पानीपत से कंबल भरकर सीतापुर जा रहा था। ट्रक जब परीक्षितगढ़ थाना स्थित खानपुर पुलिया के निकट पहुंचा तभी उसमें शॉर्ट सर्किट से भयंकर आग लग गई। ट्रक चालक सचिन ने किसी तरह चलते ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई और मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी।

जालौन : रेप के आरोपी को उम्रकैद की सजा

जालौन। जालौन में डेढ़ साल पहले घर में अकेली किशोरी को देख गांव के एक युवक ने रेप की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में गुरुवार को जालौन की स्पेशल न्यायालय पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश ने युवक को साक्ष्य और गवाहों के आधार पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 40 हजार रुपए का आर्थिक दंड लगाया है। सजा सुनाए जाने के बाद दोषी को पुलिस ने हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। इस मामले की पैरवी करने वाले शासकीय अधिवक्ता बृजराज राजपूत ने बताया कि चुर्खी थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली 12 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही युवक पप्पू कुशवाहा पुत्र रामदास ने 1 जून 2022 को रेप की वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना को तब अंजाम दिया जब दोपहर के वक्त किशोरी अकेली थी और उसके पिता घर के काम से उरई गए हुए थे, जबकि उसकी पत्नी चाचा के यहां गई हुई थी। घर आने पर किशोरी ने अपने माता-पिता को दुष्कर्म की घटना के बारे में बताया था, जिसके बाद चुर्खी थाने में किशोरी के पिता ने पप्पू कुशवाहा के खिलाफ पुलिस से शिकायत की, जिस पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किए। गुरुवार को इसकी सुनवाई पूरी हुई।

डीएम एसपी ने पुलिस कार्यालयों में ई आफिस का किया शुभारम्भ

ललितपुर । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा प्रथम फेस में जनपद के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, तथा गोपनीय कार्यालय में ई-आफिस का शुभारम्भ किया गया। शासन की मंशा के अनुरूप पब्लिक से जुडे सभी कार्यों को गुड गर्वनेन्स के आदर्शों के तहत कार्यालयों के काम काज को सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी बनाना है तथा कार्यालय में की जा रही सम्पूर्ण कार्यवाही को कागजरहित तथा अत्यधिक तीव्र गति से निस्तारण के उद्देश्य से लागू किया गया है । e-Office digital workplace solution है। जिसका निर्माण NIC द्वारा किया गया है। यह केन्द्रीय सचिवालय नियमावली पर आधारित है ।ई-आफिस प्रणाली को सर्वप्रथम प्रधान लिपिक शाखा व आंकिक शाखा व गोपनीय कार्यालय में लागू किया गया है । उद्देश्य कार्यालयों के काम काज को सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी बनाना है तथा कार्यालय में की जा रही सम्पूर्ण कार्यवाही को कागजरहित तथा अत्यधिक तीव्र बनाये जाने के उद्देश्य से लागू किया गया है।

हरदोई में पुलिस बूथ के पास हुई चोरी

हरदोई। हरदोई में पचदेवरा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में लगे मोबाइल टावर से बुधवार की रात केबिन का ताला तोड़कर चोर लाखो की बैटरी चोरी कर ले गए। टावर टेक्नीशियन प्रमोद सिंह ने अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। वहीं पुलिस बूथ के पास स्थित गुमटी को भी चोरों ने निशाना बनाया है। सुल्तानपुर गांव निवासी विनोद सिंह चौहान के खेत में एक मोबाइल कंपनी का टावर लगा है। यहां त्रञ्जरु कम्पनी का टावर टेक्नीशियन पद पर प्रमोद सिंह तैनात है। बुधवार की शाम को वह केबिन में ताला बंद कर घर चले गये।

14 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस का हुआ आयोजन

ललितपुर । प्रतियोगिता, रंगोली, स्टॉल, नुक्कड़ नाटक से मतदाताओं को जागरूक किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मा.कल्याणसिंह सभागार रामनगर ललितपुर में 14वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रात: स्कूली बच्चों के द्वारा नगर के प्रमुख स्थानों पर जागरूकता रैली निकाली गई, साथ ही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे स्लोगन राइटिंग, पोस्टर, वाद विवाद प्रतियोगिता,

रंगोली, स्टॉल, नुक्कड़ नाटक आदि के द्वारा जनपद के मतदाताओं को जागरूक किया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आज 14वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सभी को बधाई।

उन्होंने कहा कि आज देश की युवा पीढ़ी को मतदान की ताकत को समझने की जरूरत है। मतदान लोकतंत्र का प्रमुख अंग है, सभी बच्चे अपने आसपास के लोगों को मतदान के लिए अधिक से अधिक जागरूक करें। जिन बच्चों ने आज यहां प्रस्तुतियां दी हैं उन बातों को आप अपने घर पर भी बताएं, मतदान की प्रक्रिया को जाने और सभी मतदाता वोटर लिस्ट में अपना नाम अवश्य चेक कर लें।

गणतन्त्र दिवस के मद्देनजर नेपाल सीमा पर अलर्ट

बस्ती। गणतन्त्र दिवस को लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश से सटी नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है और सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा पर गश्त बढा दी है। बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) रामकृष्ण भारद्वाज ने गुरूवार को बताया कि सीमा पर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये है। 424 सुरक्षा समितियां भी निरन्तर निगरानी कर रही है। बार्डर क्षेत्र की तरफ हर आने-जाने वाले व्यक्तियों से पुलिस एंव सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानो द्वारा पूछताछ की जा रही है। साथ ही उनके पहचान पत्र की भी जांच की जा रही है। सीमा से गुजरने वाली सभी गाड़ियो की चेकिंग किया जा रहा है चेकिंग के दौरान उनका बीडियो रिकार्डिंग भी कराया जा रहा है। नेपाल से सटे सीमाई इलाकों पर सुरक्षा बलों की विशेष नजर है।

मैनपुरी में शिक्षक की गोली मार कर हत्या

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के भोगांव क्षेत्र में गुरुवार को एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के भोगांव कस्बे में संविदा पर कार्यरत शिक्षक हेमराज (42) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शिक्षक देवरिया के एक इंटर कॉलेज में संविदा पर कार्य करते थे और 15 दिन पूर्व वे अपने घर आए थे। आज सुबह भोगांव में रेलवे क्रॉसिंग के निकट स्थित अपने आवास से अपने मूल गांव हरगनपुर जा रहे थे कि रास्ते में देवीपुर नहर पुलिया के निकट उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई । उन्होने बताया कि हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण किया। पुलिस हर पहलू पर जाँच कर रही है।

शार्ट न्यूज

डीआईजी ने सभी अधीनस्थ पदक/प्रशंसा चिन्ह/प्रशस्ति पत्र विजेताओं को दी हार्दिक शुभकामनायें

ललितपुर। 26 जनवरी, गणतन्त्र दिवस वर्ष-2024 के शुभ अवसर पर पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने पर श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा सेवा अभिलेख एवं शौर्य के आधार पर उत्साहवर्धन हेतु उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह एवं पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम, गोल्ड एवं सिल्वर) प्रदान किये गये हैं। झाँसी परिक्षेत्र के अधीनस्थ जनपदों में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी को शौर्य के आधार पर प्रशंसा चिन्ह गोल्ड, 02 निरीक्षक को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह एवं 02 उपनिरीक्षक, 01 मुख्य आरक्षी को शौर्य के आधार पर सिल्वर प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया गया है। पुलिस अधीक्षक जालौन को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशस्ति पत्र एवं 05 मुख्य आरक्षी/आरक्षी को शौर्य के आधार पर सिल्वर प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया गया है। जनपद ललितपुर में 01 निरीक्षक को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, 01 उपनिरीक्षक, 01 मुख्य आरक्षी स0पु0, 01 आरक्षी चालक को सेवा अभिलेख के आधार पर सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया है।

जिलाधिकारी की अभिनव पहल पर ई-ऑफिस प्रणाली वाला प्रदेश का पहला कार्यालय बना डीएसओ ऑफिस

ललितपुर। कलैक्ट्रेट के बाद अब डीएसओ ऑफिस में ई-ऑफिस प्रणाली का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ फाइलों के मैनुवल वर्क में लगने वाले समय में होगी कमी, ऑनलाइन होगा निस्तारण- डीएम शासकीय कार्य प्रणाली को पेपरलैस करने से फाइलों को अनावश्यक नहीं रोका जा सकेगा। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अभिनव पहल पर आज जनपद के जिला पूर्ति कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई है, जिसका शुभारंभ आज कलैक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि यह प्रदेश का पहला जिला पूर्ति कार्यालय है, जिसमें ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई है, इसके पूर्व 2 अक्टूबर 2023 को कलैक्ट्रेट ललितपुर को ई-ऑफिस प्रणाली से आच्छादित किया गया था। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली का उद्देश्य शासकीय कार्य प्रणाली को पारदर्शी बनाते हुए पेपरलेस करना है। इस प्रणाली के तहत अब किसी भी फाइल को ऑनलाइन एक स्तर से दूसरे स्तर तक बिना किसी पेपर वर्क के मिनटों में प्रेषित किया जा सकता है, जिससे अधिकारी कहीं से भी प्रकरण का संज्ञान लेकर निस्तारण कर सकते हैं।

मथुरा में जमीन के लिए चाचा का मर्डर

मथुरा। मथुरा में जमीन के विवाद में भतीजे ने चाचा को गोली मार दी। उसके बाद मौके से फरार हो गया। लोग घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे मरा हुआ घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। मौके से साक्ष्य जुटाएं। उसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना गुरुवार दोपहर को फरह क्षेत्र की है। यहां के महुअन गांव का रहने वाला टुंडा अपने घर के आगे सीढ़ी और नाली बनवा रहा था। उसके चाचा शिब्बो (65) ने सीढ़ी बनवाने का विरोध किया। इसको लेकर टुंडा और शिब्बो में विवाद हो गया। कहासुनी इतनी ज्यादा बढ़ गई कि उनके बीच मारपीट होने लगी। भतीजा गुस्से में घर से बंदूक निकाल लाया। झगड़े के दौरान टुंडा की पत्नी उर्मिला भी आ गई। उर्मिला और टुंडा ने अपने चबूतरे पर बैठे शब्बो को पकड़ लिया। पड़ोसी टुंडा को रोकते तब तक उसने चाचा की पीठ में गोली मार दी। शिब्बो और टुंडा का मकान बगल में है। टुंडा बीते कई दिनों से अपने घर के बाहर सीढ़ी और नाली बनवा रहा है। उसके चाचा का आरोप है कि टुंडा जमीन से आगे बढ़कर निर्माण करा रहा है। इसके लेकर शिब्बो ने टुंडा से बात भी की थी लेकिन टुंडा ने उसकी बात नहीं मानी।

झांसी में 4 बेटियां होने पर पिता ने किया सुसाइड

झांसी। झांसी में एक युवक ने सुसाइड कर लिया। वह एक के बाद 4 बेटियां पैदा होने से टेंशन में था। उसके पास सिर्फ 3 बीघा जमीन थी। चारों बेटियां की शादी कैसे होगी। इस बात की चिंता उसे सताने लगी थी। इसी के चलते उसने गुरुवार सुबह अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। उसे बेटा न होने का भी अफसोस रहता था। मामला चिरगांव थाना क्षेत्र के छिरौना गांव का है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उसके बाद मामले की जांच में जुट गई है। दीपक कुशवाहा (35) चिरगांव के छिरौना गांव का रहने वाला था। वह अपने पिता बृजकिशोर के साथ खेती करता था। उसके चाचा मनोहरलाल कुशवाहा ने बताया, मेरी मां मथुरादेवी चिरगांव मंडी में सब्जी बेचने जाती है। आज सुबह भतीजा दीपक सब्जी की डलिया लेकर उनको मंडी छोड़कर घर लौटा। चाय पीकर वह अपने कमरे में चला गया। जबकि उसकी पत्नी राजकुमारी, मां गिरजा और पिता खेत वाले घर पर काम कर रहे थे। चाचा ने आगे बताया, दीपक रोजाना अपनी बेटियों को स्कूल छोड़ने के लिए जाता है। सुबह जब दीपक खेत वाले घर पर नहीं पहुंचा तो पत्नी राजकुमार देखने के लिए घर पर आई। तब कमरा अंदर से बंद था। उसने दरवाजा खटखटाया और आवाज दी, लेकिन दीपक ने अंदर से कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद राजकुमारी ने आसपास के लोगों को सूचना दी।

आवास दिलाने के नाम पर 55,500 की ठगी

हाथरस। हाथरस में आवास योजना के तहत मकान दिलाने के नाम पर आशा कार्यकर्ता से ऑनलाइन ठगी की गई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया तो पीड़िता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया। जिस पर कोर्ट ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के भदामई निवासी कमलेश कुमारी स्वास्थ्य विभाग में आशा कार्यकर्ता हैं। 4 जून को उनके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि मैं हाथरस से बोल रहा हूं। आवास विकास योजना का सेक्रेटरी हूं। आपका नाम आवास योजना में आ गया है। आपको सरकार मकान बनवा कर दे रही है। इसके लिए आपको कुछ पैसा जमा करना होगा। आशा कार्यकर्ता उसकी बातों में आकर मोबाइल पर दो अकाउंट डिटेल भेजी। इसके बाद अलग-अलग तिथियां में उन खातों में 55,500 डाल दिए। उसके बाद आशा कार्यकर्ता ने अज्ञात व्यक्ति को फोन कर बताया कि मैंने तुम्हारे कहने के अनुसार पैसा डाल दिया। अब तो मेरा मकान बन जाएगा तो अज्ञात व्यक्ति ने अपना नाम रमेश बताया। उसने कहा कि 15 दिन में तुम्हारा काम हो जाएगा। आशा कार्यकर्ता ने जब 15 दिन बाद लगातार उसके नंबर पर फोन मिलाया, लेकिन संपर्क नहीं हुआ। खाता धारकों का भी पता नहीं लगने पर आशा कार्यकर्ता थाने पर गई तो उसकी रिपोर्ट नहीं ली गई।

सड़क किनारे मिला महिला का शव

बिजनौर। बिजनौर के कोतवाली देहात इलाके में आज उस वक्त हड़कम्प मच गया, जब घर जा रही एक महिला का सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थिति में शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और कार्रवाई में जुट गई। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दरअसल, यह पूरा मामला बिजनौर के कोतवाली देहात इलाके का है। जहां के दहीरपुर की रहने वाली नजमा (45) का शव आज सुबह दोलतबाद कोतवाली देहात रोड पर सड़क किनारे मिला। महिला की मौत से इलाके में हड़कम्प मच गया। आसपास के काफी लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। बताया जा रहा है कि नजमा कल शाम को अपने मायके से ससुराल के लिए निकली थी। कोतवाली देहात में बस से उतरने के बाद घर नहीं पहुंची। जिसके बाद परिवार वालों उसकी ने काफी तलाश की ,काफी तलाश के बाद आज सुबह महिला का शव दोलता बाद कोतवाली देहात वाले रोड पर पड़ा मिला। महिला के कान से सोने कुंडल गायब है। परिवार वालों का आरोप है की महिला की हत्या कर आरोपी सोने के कुंडल ले गए ।मृतक के पति सऊदी अरब में रहकर काम करता है।

संक्षिप्त समाचार

अमेरिका ने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के 3 ठिकानों पर किए हमले

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि उनकी सेना ने पिछले कुछ दिनों में इराक और सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर मिसाइल और ड्रोन हमलों के प्रतिशोध में मंगलवार को इराक में ईरान समर्थित एक मिलिशिया के तीन ठिकानों पर हमले किए। 'यूएस सेंट्रल कमांड ने बताया कि अमेरिका ने सीरियाई सीमा के समीप पश्चिमी इराक में मिलिशिया के ठिकानों पर हमले किए। ऑस्टिन ने एक बयान में कहा, ''राष्ट्रपति जो बाइडेन के निर्देश पर अमेरिकी सैन्य बलों ने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूह कतैब हिजबुल्ला और अन्य ईरान समर्थित समूहों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे तीन ठिकानों पर आवश्यक हमले किए। उन्होंने कहा, ''ये हमले ईरान समर्थित मिलिशिया द्वारा इराक और सीरिया में अमेरिका और गठबंधन देशों के सैनिकों के खिलाफ किए कई हमलों का सीधा जवाब है। ये हमले ऐसे वक्त में किए गए जब अमेरिका ने कहा कि चरमपंथियों ने अल-असद एयरबेस पर दो ड्रोन हमले किए जिसमें अमेरिकी सैनिक घायल हो गए और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। यूएस सेंट्रल कमांड ने बताया कि हमले में रॉकेट, मिसाइल के लिए भंडारगृह और प्रशिक्षण स्थलों तथा मिलिशिया की ड्रोन हमले की क्षमताओं को निशाना बनाया गया।

महिला कर्मचारी को छुट्टी का बहाना बनाना पड़ गया महंगा

मेलबर्न, एजेंसी। नौकरी करते कर्मचारियों की इच्छा होती है कि वे एक लंबी छुट्टी लेकर घूमने निकल जाएं। कुछ ही कर्मचारियों का यह सपना पूरा होता है। लेकिन कई बार ऑफिस में जब छुट्टी न मिलने की स्थिति में अक्सर लोग तबीयत खराब का बहाना बना लेते हैं और घूमने के लिए निकल जाते है। सोचें अगर आपके सफर के दौरान आपकी मुलाकात बॉस से हो जाए तो आप ऐसी सिचुएशन में क्या करेंगे। शायद आप वहां से बचने की कोशिश करेंगे, ताकि आपका बॉस से सामना न हो और आपकी पोल न खुले। हालांकि ऐसा कई बार संभव नहीं होता। हाल ही में आस्ट्रेलिया से ऐसा एक मामला सामने आया है। लैला सोरेस नाम की इस महिला कर्मचारी ने खराब सेहत का हवाला देते हुए अपने ऑफिस में एक दिन की छुट्टी ली थी। जैसे ही वह फ्लाइट के अंदर पहुंची, अपने बॉस को पहले से बैठा देख महिला चौंक गई। महिला की किस्मत काफी अच्छी निकली और उसके बॉस से सामना नहीं हुआ। उन्होंने एक टिकटॉक वीडियो के जरिए अपनी कहानी शेयर की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि फ्लाइट में एकदम से बॉस को देखकर हैरान हो गई और महिला को अहसास हुआ कि अगर उसके बॉस ने उसे देख लिया तो उसके सफेद झूठ का पर्दाफाश हो जाएगा।

कनाडा ने यूक्रेन के लिए नए सैन्य दान की घोषणा की

ओटावा, एजेंसी। कनाडा के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने यूक्रेन के लिए नए सैन्य दान की घोषणा की है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने नेशनल डिफेंस द्वारा मंगलवार को जारी एक समाचार विज्ञप्ति का हवाला देते हुए बताया कि इन दान में ज़ोडियाक हरिकेन टेक्नोलॉजीज की 10 बहु-उद्देशीय नावें शामिल हैं, जिनकी कीमत लगभग दो करोड़ कनाडाई डॉलर (करीब 1.486 करोड़ अमेरिकी डॉलर) है। ये मल्टी-इंजन रिजिड हल इन्फ्लेटेबल नावें खोज और बचाव, सेना और कार्गो परिवहन, निगरानी और टोही सहित विभिन्न समुद्री अभियानों में यूक्रेन की सहायता करेंगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रत्येक नाव एक परिष्कृत सेंसर, नेविगेशन और संचार प्रणाली से लैस होगी, प्रशिक्षण के साथ इन नावों की डिलीवरी 2024 के वसंत के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है। ब्लेयर ने आगे घोषणा की कि अगले महीने से यूक्रेन के सशस्त्र बलों के लिए एफ-16 प्रशिक्षण गठबंधन में कनाडा की सदस्यता के तहत कनाडा नागरिक प्रशिक्षक, विमान और सहायक कर्मचारी प्रदान करेगा। ये मॉन्ट्रियल स्थित टॉप एसेस इंक से अनुबंधित होंगे। डेनमार्क और फ्रांस भी यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमानों पर प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहा है। इस सहायता का मूल्य लगभग 1.5 करोड़ कनाडाई डॉलर है। फरवरी 2022 से, कनाडा ने यूक्रेन को सैन्य सहायता में 2.4 अरब कनाडाई डॉलर से अधिक की प्रतिबद्धता जताई है। इसमें लेपर्ड 2 मुख्य युद्धक टैंक, एक बख्तरबंद रिकवरी वाहन, बख्तरबंद लड़ाकू समर्थन वाहन, एंटी-टैंक हथियार, छोटे हथियार, एम777 हॉवित्जर और संबंधित गोला-बारूद, उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले ड्रोन कैमरे, सर्दियों के कपड़े और अन्य शामिल हैं।

न्यू हैम्पशायर के चुनाव में ट्रम्प ने हेली को हराया, रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की रेस में आगे

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी में उम्मीदवारी के लिए इलेक्शन चल रहे हैं। इस दौरान बुधवार सुबह (भारतीय समयानुसार) न्यू हैम्पशायर राज्य के चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जीत दर्ज की है।

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, वोट की गिनती पूरी होने से पहले ही उन्हें 55.4प्रतिशत वोट मिल चुके हैं, जबकि भारतीय मूल की निक्की हेली को 42प्रतिशत वोट हासिल हुए। दूसरी तरफ डेमोक्रेटिक पार्टी से न्यू हैम्पशायर में जो बाइडेन जीत चुके हैं। उन्हें 66.8प्रतिशत वोट मिले। वहीं दूसरे नंबर पर रहे डीन फिलिप्स को सिर्फ 20प्रतिशत ही वोट मिले हैं। अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इसके पहले दोनों पार्टियां; यानी रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक, इस इलेक्शन के लिए अपने-अपने उम्मीदवार फाइनल करने में जुटी हैं।

निक्की हेली बोली- चुनाव से पीछे नहीं हटूंगी : इससे पहले आयोवा राज्य में हुए चुनावों में भी ट्रम्प ने जीत हासिल की थी। इसके बाद विवेक रामास्वामी और रॉन डी-सेंटिस ने चुनाव न लड़ने का फैसला किया था। हालांकि, न्यू हैम्पशायर में हारने के बावजूद निक्की हेली फिलहाल ऐसा कुछ नहीं करने वाली हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, नतीजे घोषित होने के बाद हेली ने कहा- ट्रम्प ने

अपनी मेहनत से जीत हासिल की है।

हेली ने आगे कहा- यह एक राज्य है, आखिरी नहीं। ये रेस अभी खत्म नहीं हुई है। अमेरिका में दर्जनों राज्यों में चुनाव बचे हैं। अगला राज्य मेरा पसंदीदा साउथ कैरोलीना है। मैं 24 फरवरी को यहां पूरी ताकत लगा दूंगी। मैं ट्रम्प को उम्मीदवारी और बाइडेन को राष्ट्रपति चुनाव में जरूर हराउंगी।

न्यू हैम्पशायर में पार्टी चुनाव न लड़ने के बावजूद जीते बाइडेन : न्यू हैम्पशायर में डेमोक्रेटिक पार्टी के चुनावों में राष्ट्रपति बाइडेन का नाम न होने के बावजूद उन्होंने भारी बहुमत के साथ जीत दर्ज की है। दरअसल, पार्टी चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद बाइडेन ने न्यू हैम्पशायर में देरी से चुनाव कराने की अपील की थी। हालांकि, पार्टी ने ऐसा करने से मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर बाइडेन ने न्यू हैम्पशायर के इलेक्शन नहीं लड़ने का फैसला किया था। इसके बावजूद डेमोक्रेटिक पार्टी में उनके समर्थकों ने चुनाव में राइट-इन कैंपेन चलाया, जिससे बाइडेन चुनाव जीत गए। अमेरिका में राइट-इन कैंपेन के तहत लिस्ट में नाम न होने के बावजूद मतदाता बैलेट पेपर पर अपने पसंदीदा उम्मीदवार का नाम लिखते हैं। अगर उस उम्मीदवार को बहुमत मिलता है, तो पार्टी उसे विजेता घोषित कर देती है।

निक्की हेली बोलीं- दूसरा कार्यकाल पूरा होने तक जीवित नहीं रहेंगे बाइडेन चुनाव नतीजे सामने आने के बाद निक्की हेली ने कहा- अगर ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार चुने जाते हैं, तो पिछली बार की तरह बाइडेन चुनाव जीत जाएंगे। हालांकि, 81 साल के हो चुके बाइडेन 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएंगे और आखिरकार कमला हैरिस राष्ट्रपति बन जाएंगी। ट्रम्प ने निक्की के इस बयान के बाद कहा कि वो भ्रम में जी रही हैं। फॉक्स न्यूज से बात करते हुए पूर्व राष्ट्रपति ने निक्की हेली को चुनाव से नाम वापस लेने का भी सुझाव दिया। कॉकस और प्राइमरी चुनाव में क्या अंतर रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पहला कॉकस आयोवा राज्य में हुआ था। दरअसल, प्राइमरी इलेक्शन को राज्य सरकार कराती है। वहीं, कॉकस पार्टी का अपना इवेंट होता है। प्राइमरी इलेक्शन में बिल्कुल वही वोटिंग प्रोसेस होता है, जो आम चुनाव में अपनाया जाता है। इस दौरान एक पार्टी का कार्यकर्ता दूसरी पार्टी के चुनाव में भी वोट डाल सकता है। वहीं, कॉकस में एक रूम या हॉल में बैठकर पार्टी के प्रतिनिधि हाथ उठाकर या पर्ची डालकर वोटिंग कर सकते हैं। पार्टी की ही एक टीम ऑब्जर्वर की तरह काम करती है। आयोवा में ट्रम्प को 20, जबकि निक्की को 8 वोट मिले थे। नाम वापस ले चुके रॉन डी सेंटिस को 9 वोट मिले थे। न्यू हैम्पशायर में चुनाव के बाद अगर किसी भी वक्त निक्की रेस छोड़ती हैं तो ऐसे में ट्रम्प ही रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति उम्मीदवार होंगे। अगर निक्की नाम वापस नहीं लेतीं तो बाकी 48 राज्यों में प्राइमरी या कॉकस की वोटिंग जून तक चलती रहेगी। इस बीच, ट्रम्प या निक्की में से जिस किसी को 1215 पार्टी डेलिगेट्स (प्रस्तावक) के वोट पहले मिल गए, वो पार्टी का राष्ट्रपति उम्मीदवार होगा।

पाकिस्तान में चुनाव से पहले अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को वोट न देने के फतवे जारी

इस्लामाबाद, एजेंसी। पूरी दुनिया जहां तकनीक और विकास के पीछे भाग रही है वहीं पाकिस्तान अभी भी धार्मिक मुद्दों में फंसा हुआ है।

पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वाली घृणित प्रसार शुरू होने से 8 फरवरी के आम चुनाव से पहले चिंताएं बढ़ गई हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस संबंध में कराची स्थित मदरसा द्वारा एक फतवा जारी किया गया वहीं, फेसबुक और एक्स प्लेटफार्मों पर फिर से एक पोस्ट सामने आया है जिसमें सुझाव दिया गया है कि मतदाता अल्पसंख्यकों के मुकाबले मुस्लिम उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हैं। द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार फतवा जामिया उलूम इस्लामिया न्यू टाउन द्वारा जारी किया गया था। इसे जामिया बिनोरी टाउन के नाम से जाना जाता है, जो गुरु मंदिर क्षेत्र के पास स्थित है। इस धार्मिक स्कूल को शहर के सबसे प्रभावशाली मदरसों में से एक माना जाता है। अल्पसंख्यक अधिकार कार्यकर्ता चमन लाल ने फेसबुक पर बिना तारीख वाले फरमान की एक तस्वीर साझा करते हुए कहा, %एक फतवा जारी किया जाता है कि दस लाख से अधिक अल्पसंख्यकों की आबादी से वोट लेना जायज है, लेकिन आज एक फतवा जारी किया गया है कि आम चुनाव में अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को वोट देने की अनुमति नहीं है। फतवा इस सवाल के बाद जारी किया गया क्या इस्लामी कानूनों के तहत गैर-मुस्लिम उम्मीदवार को वोट देने की अनुमति है? प्रश्न में आगे कहा गया कि एक प्रमुख राजनीतिक दल ने बेहतर मुस्लिम उम्मीदवार की उपस्थिति में सामान्य सीट के लिए एक हिंदू को नामांकित किया था, भले ही गैर-मुसलमानों के लिए आरक्षित सीटें थीं. जनता जानना चाहती है कि क्या इस स्थिति में किसी गैर-मुस्लिम को वोट देना इस्लामी दृष्टिकोण से स्वीकार्य है या नहीं, या क्या कोई तीसरा विकल्प है? द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार इसके जवाब में फतवे में कहा गया, %वोट ऐसे उम्मीदवार को दिया जाना चाहिए जिसके पास आवश्यक योग्यता और क्षमता हो। उसकी पार्टी का घोषणापत्र भी सही हो और जिसके बारे में इस बात की संतुष्टि हो कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष रूप से बेहतर कदम उठा सकता है क्योंकि गैर-मुस्लिम उम्मीदवार इन मानकों पर खरा नहीं उतरता इसलिए मुस्लिम उम्मीदवार को वोट देना बेहतर है।

दिमाग में लगी गोली, चार दिन तक पार्टी करता रहा शख्स; पता चला तो ...

न्यूयॉर्क, एजेंसी। किसी के सिर में गोली लग जाए तो भला वह कितनी देर जिंदा रह सकता है? ब्राजील में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक 21 साल एक लड़का रियो डि जनेरो बीच पर न्यू ईयर की पार्टी कर रहा था। इसी दौरान उसके सिर में गोली लग गई। उसे लगा कि कोई पत्थर लगा है। थोड़ी देर बाद जब खून बहना रुक गया तो उसने इसे गंभीरता से नहीं लिया। वह चार दिन तक पार्टी करता रहा। इसके बाद जब वह अपने घर पहुंचा तो उसको हाथ उठाने और उंगलियां हिलाने में दिक्कत होने लगी। जब वह अस्पताल गया तो असलियत जानकर पांव के नीचे से जमीन खिसक गई।

डॉक्टरों ने बताया कि उसे चार दिन पहले ही गोली लगी है। उसे बताया गया कि वह बहुत ही लकी था जो उसकी जान बच गई। उसे पैरालिसिस भी हो सकता था या फिर उसकी जान भी जा सकती थी। इसके बाद डॉक्टरों ने दो घंटे तक ऑपरेशन किया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन से पहले ही बता दिया था कि अगर गोली निकालने के दौरान कून नहीं रुकता या फिर सेरेब्रल फ्लुइड बह जाता है तो उसकी जान भी जा सकती है। हालांकि डॉक्टरों की सूझबूझ से उसकी जान बच गई। उसके सिर से निकाली गई गोली पुलिस को जांच के लिए सौंप दी गई। हालांकि पुलिस का कहना है कि उस दिन उस इलाके में कहीं गोलीबारी नहीं हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक मैच्योज फेसियो को यही लगा था कि किसी ने मजाक में पत्थर उनके सिर में मार दिया।

घर पर फहराया इमरान खान की पार्टी का झंडा, वामपंथी बाप ने बेटे को उतार दिया मौत के घाट

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान में चुनाव को लेकर मची खींचातान के बीच हत्या और अपहरण के मामले बढ़ते जा रहे हैं। राजनीतिक मतभेद को लेकर पाकिस्तान में एक बाप ने अपने बेटे को मौत के घाट उतार दिया। पाकिस्तान के आम चुनाव से पहले किस राजनीतिक दल का झंडा फहराया जाए इसको लेकर बाप और बेटे में झगड़ा हो गया। इस पर गुस्साए पिता ने अपने बेटे की हत्या कर दी। पाकिस्तान की पेशावर पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

बाप ने पिस्तौत से बेटे का मार डाला : एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, बेटा हाल ही में कतर से काम करके लौटा था। उसने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर में स्थित अपने घर पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी का झंडा फहराया था। इसको लेकर बाप-बेटे में बहस तब छिड़ गई। जिला पुलिस अधिकारी नसीर फरीद ने कहा, पिता ने अपने बेटे को घर पर पीटीआई का झंडा

फहराने से मना किया, लेकिन बेटे ने इसे उतारने से इनकार कर दिया। उसने कहा कि वह पीटीआई को नहीं छोड़ेगा। पुलिस ने बताया कि बेटे के इनकार करने से बहस बढ़ गई और गुस्से में आकर पिता ने अपने 31 वर्षीय बेटे पर पिस्तौल से गोली चला दी। अस्पताल ले जाते समय बेटे की मौत हो गई। पुलिस पिता की तलाश कर रही है। आरोपी पिता के बारे में कहा जा रहा है कि वह राष्ट्रवादी अवामी नेशनल पार्टी से जुड़ा था। वह अपने घर पर आवामी पार्टी का झंडा भी फहरा चुका था। बेहद पुराने हैं अवामी नेशनल पार्टी के तार अवामी नेशनल पार्टी की बात करें तो यह पाकिस्तान में एक पश्तून राष्ट्रवादी, धर्मनिरपेक्ष और वामपंथी राजनीतिक दल है। पार्टी की स्थापना 1986 में अब्दुल वली खान ने की थी और इसके वर्तमान अध्यक्ष बाचा खान के पोते असफंदयार वली खान हैं। बाचा खान को दुनिया खान अब्दुल गफ्फार खान या बादशाह खान के नाम से जानती है। भारत में अब्दुल गफ्फार खान को फ्रंटियर गांधी या सीमांत गांधी भी कहा जाता है। पश्तूनों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बादशाह खान को साल 1987 में भारत सरकार ने सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से नवाजा था। हमारे उम्मीदवारों का हो रहा अपहरण- इमरान खान की पार्टी 8 फरवरी को होने वाले चुनावों से पहले पाकिस्तान में हर बार की तरह इस बार भी हिंसा का दौरा जारी है। उम्मीदवारों पर बम विस्फोटों और बंदूकों से हमला किया जा रहा है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने 19 जनवरी को एक बयान में दावा किया कि खुफिया एजेंसियां आठ फरवरी के आम चुनाव से पहले उसके समर्थन वाले उम्मीदवारों को खुलेआम प्रताड़ित और उनका अपहरण कर रही हैं। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के एक प्रवक्ता ने कहा कि फैसलाबाद से पूर्व विधायक और पार्टी समर्थित उम्मीदवार ख्याल अहमद कास्त्रो को खुफिया एजेंसियों के कर्मियों ने कथित तौर पर अगवा कर लिया है। फैसलाबाद लाहौर से लगभग 130 किलोमीटर दूर है। खान की पार्टी के प्रवक्ता ने कहा, ''सादे कपड़े पहने लोगों ने फैसलाबाद की एक जिला अदालत के बाहर कैमरे के सामने कास्त्रो का अपहरण कर लिया।'' पार्टी के महासचिव उमर अयूब ने कहा, ''अदालत से जमानत मिलने के बाद भी कास्त्रो का दिन दहाड़े अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया, जो बेहद निंदनीय है।

बाइडन को भी प्राइमरी जीतने का भरोसा, न्यू हैंपशर में रिपब्लिकन-डेमोक्रेट खेमे का मुकाबला रोचक

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में इस साल के अंत में राष्ट्रपति चुनाव का प्रमुख मुकाबला होगा। इससे पहले प्राइमरी और कॉकस चरण में प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला हो रहा है। रिपब्लिकन प्रत्याशी के रूप में ट्रंप ने न्यू हैंपशर प्राइमरी में जीत हासिल की। एक रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बाद बाइडन को भी प्राइमरी में जीत हासिल करने का पूरा भरोसा है। अमेरिकी मीडिया के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक समर्थकों को एकजुट रखने के लिए बाइडन ने अनौपचारिक रूप से राइट-इन अभियान चलाया।

अमेरिकी सियासत में दो दिग्गजों की सीधी टक्कर : सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक बाइडन के राइट-इन अभियान से पहले डेमोक्रेट खेमा हताश होने लगा था। न्यू हैंपशर में चुनावी अभियान के प्रति बाइडन की कथित उदासीनता, कम उत्साह और तुलनात्मक रूप से नाम की कम चर्चा को लेकर डेमोक्रेट खेमा शर्मनाक हार की आशंका से जूझ रहा था, लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। बाइडन प्राइमरी में जीत की औपचारिक घोषणा के बाद पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को सीधी टक्कर देंगे।

81 साल के बाइडन की जीत प्रतीकात्मक होगी : सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक न्यू हैंपशर में बाइडन 21 उम्मीदवारों की सूची में शामिल नहीं थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका कारण डेमोक्रेट गुट में आंतरिक पार्टी संघर्ष के कारण उन्होंने प्राइमरी के साथ-साथ परिणामों के लिए भी पंजीकरण नहीं कराया। इसके बावजूद 81 साल के बाइडन की जीत को प्रतीकात्मक माना जाएगा। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से मिल रही सीधी और मजबूत टक्कर के बीच डेमोक्रेट खेमा न्यू हैंपशर प्राइमरी के परिणाम का स्वागत करेगा। आंतरिक कलह के कारण डेमोक्रेट खेमा चिंतित; अब बदल चुके हैं समीकरण? अमेरिकी चुनाव से पहले हुए कुछ सर्वे और स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रंप इस साल के अंत में चुनाव से पहले बाइडन के मुकाबले बेहतर स्थिति में दिख रहे हैं। काफी बड़ी संख्या में जनता बाइडन से असंतुष्ट भी दिख रही है। इन कारणों से डेमोक्रेट खेमा चिंतित था और उसका मानना था।

सगे भाई-बहन ने आपस में कर ली शादी, बेटी ने खोला राज- बताया क्यों लिया ये फैसला?

वाशिंगटन, एजेंसी। दुनियाभर में सबसे पवित्र भाई-बहन के रिश्ते को लेकर बड़ा सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। अमेरिका की एक महिला वनेसा ने पोडकास्टर देवोरा रोलोफ के शो में खुलासा किया कि उसके मां-बाप जो दोनों सगे भाई-बहन हैं, ने आपस में शादी कर ली थी। महिला ने बताया कि एक मजबूरी की वजह से उन्होंने ये फैसला किया था। अमेरिका के ओहियो की रहने वाली महिला वनेसा, के मुताबिक जब वो 9 साल की थी तो उसे पता चला कि उसके मां-बाप सगे भाई-बहन थे। तब वेनसा तीसरी कक्षा में पढ़ती थी। वनेसा ने कहा, 'मैं समझ नहीं पा रही थी क्या सही और क्या गलत है। दरअसल, मेरी दादी बहुत खुश थीं, क्योंकि उन्हें लगता था कि उनके बच्चों को सच्चा प्यार मिल गया।

ये बात 1970 की थी, तब आसानी से रिश्ता को छुपाकर दोनों ने मैरिज सर्टिफिकेट भी हासिल कर लिया था। पापा ने मेरी मां का गलत नाम दर्ज करवा दिया था।उस दौरान वेरिफिकेशन बहुत आसान था, इसलिए दोनों को मैरिज लाइसेंस मिल गया। बाद में चर्च से भी इसकी मंजूरी मिल गई।' महिला के फैमिली को लगता कि 1975 में दुनिया का अंत हो जाएगा। ऐसे में परिवार वालों की रजामंदी से भाई-बहनों की शादी करवा दी गई।शुरुआत में जन्में बच्चों में तो कोई दिक्कत नहीं हुई, लेकिन 10 साल बाद 1982 में

वनेसा की मां एक बार फिर प्रेग्नेंट हुई तब उन्होंने एक लड़के को जन्म दिया जो 3 महीने बाद ही मर गया। कोई नहीं जानता था कि आखिर किस वजह से उसकी मौत हुई। वनेसा ने बताया कि हमें तो बच्चा बिल्कुल सामान्य नजर आ रहा था सेकिन तबीयत बिगड़ने पर जांच में पता चला कि बच्चे को वॉकिंग निमोनिया नामक बीमारी थी, जो दुर्लभ मामलों में घातक हो सकती है। वनेसा ने बताया कि 1973 में पैदा हुई मेरी बहन को भी आंखों से जुड़ी समस्या थी, जो बाद ठीक हो गई।हालांकि, बच्चों पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को देखते हुए भी मेरी मां 9 बार प्रेग्नेंट हुई। वॉकिंग निमोनिया से ग्रसित भाई के मरने के 1 साल के अंदर ही मां को एक और बच्चा हुआ, जो पांचवां बच्चा था।

श्रीलंका ने किया इनकार, तो मालदीव ने दे दी चीन के जासूसी जहाज को इजाजत

माले, एजेंसी। चीन का एक जासूसी जलपोत मालदीव सरकार की अनुमति मिलने के बाद ईंधन भरने के लिए मालदीव के एक बंदरगाह पर लंगर डालेगा। चीन इसे एक रिसर्च और सर्वे का काम करने वाला जहाज बताता है। लेकिन अमेरिका और भारत सहित कई देशों का मानना है कि ये एक जासूसी जहाज है जो चीन के पड़ोसी देशों पर नजर रखता है। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन की रिसर्च शिप 'शियांग यांग होंग 3' मालदीव के जलक्षेत्र में रहते हुए कोई रिसर्च कार्य नहीं करेगा। हालांकि भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि भारत जहाज की आवाजाही पर कड़ी नजर रख रहा है। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि चीन की सरकार ने 'पोर्ट कॉल' के लिए आवश्यक मंजूरी के वास्ते राजनयिक अनुरोध किया था। 'पोर्ट कॉल' का अर्थ है- यात्रा के क्रम में किसी जहाज का बंदरगाह पर कुछ देर रुकना। बयान में यह भी कहा गया कि मालदीव हमेशा से मित्र देशों के जहाजों का स्वागत करने वाला गंतव्य रहा है और शांतिपूर्ण उद्देश्यों से असैन्य और सैन्य जलपोतों की मेजबानी करता रहेगा। इसमें कहा गया, ''इस तरह के पोर्ट कॉल न केवल मालदीव और उसके साझेदार देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार करते हैं, बल्कि मित्रवत देशों से आने वाले जहाजों का

मालदीव के लोगों द्वारा स्वागत करने की सदियों पुरानी परंपरा को भी प्रदर्शित करते हैं। चीनी जहाज को अनुमति भारत और मालदीव के बीच संबंधों में तनाव के बीच दी गई है। मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सत्ता में आने और पदभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत चीन की यात्रा की थी। परंपरागत रूप से, मालदीव के राष्ट्रपति अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत भारत की यात्रा करते रहे हैं। घटनाक्रम से अवगत अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को इस शिप ने इंडोनेशिया में सुंडा जलडमरूमध्य के माध्यम से हिंद महासागर क्षेत्र में प्रवेश किया। इसके बाद से भारतीय नौसेना चीनी जहाज पर नजर रख रही है। जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने वाली निजी वेबसाइट 'मरीन ट्रैफिक' के अनुसार आठ साल पुराना चीनी जहाज आठ फरवरी को माले के एक बंदरगाह पर लंगर डाल सकता है। मालदीव लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप से बमुश्किल 70 समुद्री मील और मुख्य भूमि के पश्चिमी तट से 300 समुद्री मील की दूरी पर है। यह हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के माध्यम से गुजरने वाले वाणिज्यिक समुद्री मार्गों का केंद्र होने के कारण रणनीतिक दृष्टि से अहम है। बता दें कि इससे पहले चीन ने अपने जहाज को डॉक करने के लिए श्रीलंका से अनुरोध किया था।

बोपन्ना और एब्डेन ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल के फाइनल में पहुंचे

मेलबर्न । भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके स्थानीय जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस के पुरुष युगल के फाइनल में पहुंच गये हैं। 43 साल के बोपन्ना ने एब्डेन के साथ मिलकर चेकगणराज्य और चीनी जोड़ी झैंग झीझेन और थॉमस मैचेक को 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी की जोड़ी मैच में हावी रही। बोपन्ना और एबडेन एक जोड़ी के रूप में लगातार दूसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचे हैं। बोपन्ना और एबडेन ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एन्ड्रेस मोल्टेनी को 6-4, 7-6 (7-5) से हराया था। इस बात के बाद बोपन्ना टूर्नामेंट के बाद एटीपी टूर युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएंगे, जिससे वह इतिहास में सबसे उम्रदराज विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। वह ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्ज़ी के बाद युगल में विश्व नंबर 1 पर पहुंचने वाले चौथे भारतीय टेनिस खिलाड़ी होंगे। बोपन्ना मास्टर्स इवेंट में पुरुष युगल खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी हैं।

पहला टेस्ट : भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 246 रनों पर समेटा

अश्विन और जडेजा ने तीन-तीन विकेट लिए

हैदराबाद ।

आर अश्विन और रविचंद्रन अश्विन की शानदार गेंदबाजी से भारतीय क्रिकेट टीम ने मेहमान टीम इंग्लैंड को पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले ही दिन 246 रनों पर समेट दिया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया पर वह भारतीय स्पिनरों के सामने टिक नहीं पायी। अश्विन ने 61 रन देकर तीन जबकि जडेजा ने भी 88 रन देकर इतने ही विकेट लिए। वहीं अक्षर और बुमराह को भी 2-2 विकेट मिले। इंग्लैंड ने आक्रामक रणनीति अपनायी पर कप्तान बेन स्टोक्स 70 के अलावा उसके अन्य सभी रन बनाने में विफल रहे। पारी की शुरुआत करते हुए इंग्लैंड का पहला विकेट 55 रन पर गिरा। बेन डकेट 11.5 ओवर में आर अश्विन की गेंद पर आउट हुए। डकेट ने 35 रन बनाए। इसके बाद रविन्द्र जडेजा ने ओली पॉप को एक रन पर ही पेवेलियन भेज दिया। वहीं इसके बाद अश्विन ने जैक क्रॉली को आउट कर मेहमान टीम को तीसरा झटका दिया। क्रॉली ने 20 रन बनाए। लंच तक उसने तीन विकेट के नुकसान पर 108 रन बना लिए थे। लंच के बाद मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने खेलना शुरु किया पर वह कुछ खास नहीं कर पाये। जॉनी बेयरस्टो ने 58 गेंदों पर 37 रन बनाये। अक्षर पटेल ने उन्हें आउट किया। वहीं अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को जडेजा ने आउट किया। रूट ने एक चौके की सहायता से 60 गेंदों पर 29 रन बनाए। बेन फॉक्स केवल 4 रन पर ही आउट हो गये। और अक्षर की 42वें ओवर की पांचवीं गेंद पर भरत के हाथों कैच आउट हो गए। बुमराह को भी सफलता मिली और रेहान अहमद ने 13 रनों पर उसे आउट कर दिया। टॉम हार्टले ने 24 गेंदों पर 23 रन बनाए। मार्क वुड 11 रन बनाकर अश्विन को शिकार बने।

मैरी कॉम ने कहा, अभी संन्यास नहीं ले रही

मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया गया

नई दिल्ली ।

देश की शीष महिला मुक्केबाज मैरी कॉम ने कहा है कि वह अभी संन्यास नहीं ले रहीं हैं और इस प्रकार की जो भी खबरें आ रही हैं वह गलत हैं। छह बार की विश्वचैम्पियन रही मैरी कॉम ने कहा कि जब भी वह खेल को अलविदा कहेंगी स्वयं ही बता देंगी। साथ ही कहा कि मीडिया ने उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया है। मैरी कॉम ने कहा ,'' मैंने अभी तक संन्यास की घोषणा नहीं की है पर मेरे बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया गया। जब भी मुझे संन्यास की घोषणा करनी होगी तो मैं स्वयं ही सभी को बताऊंगी। मैने कुछ मीडिया रिपोर्ट देखी हैं जिनमें कहा गया कि मैने खेल को अलविदा कह दिया जो सही नहीं है।''

साथ ही कहा, मैं 24 जनवरी को एक कार्यक्रम में भाग ले रही थी जहां मैं बच्चों की हौसलाअफजाई कर रही थी। तब मैंने कहा था कि मेरे भीतर अभी भी खेलों में नई ऊंचाइयां छूने की ललक है पर ओलंपिक में उम्र की एक तय सीमा होने से मैं भाग नहीं ले सकती। मैं हालांकि, अपना खेल जारी रख सकती हूं और मेरा ध्यान अपनी फिटनेस पर बना हुआ है।'' गौरतलब है कि मैरी कॉम 2014 में दक्षिण कोरिया के इंचियोन में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी थी। मैरी कॉम को कई राष्ट्रीय अवार्ड भी मिले हैं।

अंतरराष्ट्रीय नियमों के कारण प्रतियोगिताओं में खेलने की अनुमति नहीं मिलती

वहीं इससे पहले इस महिला मुक्केबाज ने कहा था कि वह अब 41 वर्ष की हो गयी हैं और अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) पुरुष और महिला मुक्केबाजों को केवल 40 वर्ष की आयु तक ही प्रतियोगिता में लड़ने की अनुमति देता है , ऐसे में अब वह आगे नहीं खेल सकतीं पर कहा कि खेलों में लड़ने और जीतने की भूख अभी भी उनमें है। इसलिए वह आगे खेलना चाहती हैं लेकिन उम्र के कारण वह ऐसा नहीं कर सकती हैं।

ये एक प्रकार से उनके लिए बदकिस्मती की तरह है। इसी वजह से मुझे सन्यास का फैसला करना पड़ रहा है। उनके इस बयान से ही संन्यास की खबरें उड़ीं थीं।

विराट के बाहर रहने के कारणों पर बोले डिविलियर्स, हमें जल्द ही कुछ अच्छा सुनने को मिलेगा

नई दिल्ली ।

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों से अपना नाम वापस ले लिया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार विराट निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट नहीं खेल रहे और प्रशंसकों के साथ ही सभी को उनकी निजता का सम्मान करना चाहिये। इसी को लेकर आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के उनके साथी रहे दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ए बी डिविलियर्स ने कहा है कि विराट ने क्यों ब्रेक लिया है, वह नहीं जानते पर अगर जानते भी होते तो बताते नहीं। डिविलियर्स ने कहा, किसी को नहीं पता है कि क्या हुआ है पर मैं जानता हूं कि हमें जल्द ही कुछ अच्छा सुनने को मिलेगा।

जब विराट निजी कारणों से ब्रेक ले रहे हैं तो इसमें एक अच्छा कारण छिपा हो सकता है। हो सकता है कि वे थक गए हो और उन्हें आराम की जरूरत हो क्योंकि वह लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं। इसके अलावा ये भी हो सकता है कि उनका परिवार किसी परेशानी में हो। मैं जल्द ही इस बारे में पता कर लूंगा पर उसका खुलासा नहीं करुंगा क्योंकि विराट की दोस्ती मेरे लिए काफी अहम है। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने विराट के फैसले को लेकर कहा, अगर एक खिलाड़ी निजी कारणों से अपना नाम वापस लेता है तो उसका सम्मान करो। गौरतब है कि कोहली और पीटरसन काफी अच्छे दोस्त रहे हैं। दोनों ही खिलाड़ी आईपीएल 2009 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा थे।

रुट भारत-इंग्लैंड मैचों में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

सचिन का रिकार्ड तोड़ा

हैदराबाद ।

इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने यहां भारतीय टीम के खिलाफ पहले ही टेस्ट मैच में एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। रुट अब भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने भारतीय टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को रिकार्ड तोड़ा। रुट ने इस मैच में 10 रन पूरे करते ही तेंदुलकर का सबसे अधिक रनों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रुट ने इंग्लैंड की पहली पारी के 21वें ओवर में अक्षर पटेल की गेंद पर चौका लगाकर इस रिकॉर्ड को तोड़ा। रुट ने इस पारी में 29 रन बनाये। रूट के अब भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैचों में 2554 रन हो गये हैं जबकि इससे पहले तेंदुलकर के नाम 2535 रन थे। वहीं पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के नाम 2348 थे। इंग्लैंड की ओर से एलिस्टेयर कुक के नाम 2431 रन थे। रूट ने भारत के खिलाफ 25 मैचों में 63.15 के औसत से 2,526 रन बनाए हैं। इस पारी में उन्होंने 9 शतक और 10 अर्धशतक लगाये। इससे पहले सचिन ने पहले इंग्लैंड के खिलाफ 32 मैचों में 51.73 की औसत से 2,535 रन बनाकर रिकॉर्ड बनाया था। तेंदुलकर ने इस दौरान 7 शतक और 13 अर्धशतक लगाये थे।

भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 4-1 से सीरीज जीतेगी : कुंबले

मुंबई ।

दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज को लेकर कहा है कि भारतीय टीम इसमें 4-1 से जीतेगी। कुंबले ने कहा कि इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाजी आक्रमण को काफी कम अनुभव है जिसका लाभ भारतीय टीम को मिलेगा और उसे आसानी से जीत मिल जाएगी। इंग्लैंड ने हैदराबाद टेस्ट के लिए तीन स्पिनरों जैक लीच, टॉम हार्टले और रेहान अहमद के अलावा केवल एक तेज गेंदबाज मार्क वुड को शामिल किया है। कुंबले ने कहा कि यह देखना अहम होगा कि इंग्लैंड के टीम किस तरह से गेंदबाजी करती है। कुंबले ने कहा कि यह सब इस बात पर भी आधारित रहेगा कि जैक लीच के नेतृत्व में स्पिन आक्रमण किस प्रकार अपना काम करता है। इंग्लैंड टीम प्रबंधन ने पिच को देखा है और उनका मानना है कि यह टर्न लेगी। उन्होंने कहा कि इसलिए लाइन अप में उसने केवल एक तेज गेंदबाज को रखा है। यह देखना अहम होगा कि वे कैसा प्रदर्शन करते हैं क्योंकि मैंने निश्चित रूप से सोचा था कि जब हैरी ब्रूक अनुपलब्ध था तो उनके पास विकेटकीपर के रूप में जॉनी बेयरस्टो के साथ जाने का विकल्प था और इसके साथ ही वे एक और तेज गेंदबाज ला सकते थे पर उन्होंने बेन फॉक्स को शामिल किया जिससे साफ है कि कि टीम केवल एक तेज गेंदबाज के साथ होगी।

हमें नहीं पता कि बेन स्टोक्स कितनी गेंदबाजी करेंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि वे कैसा प्रदर्शन करते हैं लेकिन यह गेंदबाजी लाइन अप काफी कम अनुभवी है। कुंबले ने कहा कि नये खिलाड़ियों हार्टले और रहान के लिए से सीरीज आसान नहीं रहेगी। इन दोनो के लिए ही युवा स्पिनरों विशेषकर रेहान और हार्टले के लिए इस भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप पर अंकुश लगाना एक बड़ी चुनौती होगी। कुंबले ने कहा कि मौसम बाधक नहीं बना तो मैं कह सकता पर भारतीय टीम ये सीरीज जीतेगी।

फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बाद भी मुझे टेस्ट प्रारुप है पसंद : रोच

नई दिल्ली । वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केमार रोच ने कहा है कि अभी भी उनके देश में टेस्ट क्रिकेट को सबसे अधिक पसंद किया जाता है। रोच के अनुसार टी20 लीग और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के प्रति बढ़ते आकर्षण के बाद भी टेस्ट क्रिकेट हमारे दिलों में है। उन्होंने कहा, फ्रेंचाइजी क्रिकेट एक बड़ा ध्यान भटकाने वाली चीज है पर लोग अभी भी लाल गेंद वाले क्रिकेट का आनंद लेना चाहते हैं। घरेलू मैदान पर टेस्ट क्रिकेट अभी भी वेस्टइंडीज के लोगों के दिलों में है। रोच अभी अपनी करियर के अंतिम छोर पर हैं। उन्होने वेस्टइंडीज की ओर से 145 टेस्ट पारियों में 267 विकेट लिए हैं। इस क्रिकेटर ने वेस्टइंडीज क्रिकेट के पूर्व क्रिकेटरों का याद करते हुए कहा कि मुझे अब भी टेस्ट प्रारुप सबसे अच्छा लगता है। रोच ने कहा, मुझे टेस्ट क्रिकेट पसंद है। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे लाल गेंद प्रारूप सबसे अधिक पसंद है। मैंने एकदिवसीय और टी20 प्रारूप भी खेला है पर मुझे लगता है कि मेरा दिल हमेशा ही टेस्ट क्रिकेट में बसा है। मैं भी जोएल गार्नर, मैल्कम मार्शल, कर्टली एम्ब्रोस, कर्टनी वॉल्श जैसे दिग्गजों के साथ अपना नाम चाहता हूं। रोच ने टी20 में अपना अंतिम मैच 2018 में खेला था। वहीं बीबीएल में रोच ने वाका में पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ 18 रन देकर 3 विकेट लेकर ब्रिसबेन हीट को जीत दिलायी थी। रोच ने कहा कि वेस्ट इंडीज के युवा खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट पर अधिक ध्यान देना चाहिये।



संक्षिप्त समाचार

भारतीय महिला हॉकी टीम ने हॉकी5एस महिला विश्वकप में पोलैंड को 5-4 से हराया

मस्कट । भारतीय महिला हॉकी टीम ने आज यहां एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्वकप 2024 टूर्नामेंट के पूल सी के मैच में पोलैंड को 5-4 से हरा दिया। इस मैच में भारतीय टीम की ओर से मुमताज और दीपिका ने गोल दागे। पहले हाफ की शुरुआत में ही मुमताज खान ने चौथे मिनट में ही एक गोल दागकर भारतीय टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इसके दो मिनट बाद ही दीपिका सोरेंग ने छठें मिनट में एक और मैदानी गोल कर भारतीय टीम को 2-0 से आगे कर दिया। वहीं पोलैंड की ओर से आठवें मिनट में जूलिया कुचारस्का ने और मार्लेना रयबाचा ने 10वें मिनट में गोल कर स्कोर बराबरी पर ला दिया। भारत की मुमताज ने 14वें मिनट में एक और गोल कर भारत को फिर 3-2 से आगे कर दिया। वहीं दूसरे हाफ में मारियाना कुजूर ने 23 मिनट में एक गोल दागकर भारतीय टीम को फिर 4-2 से बढ़त दिला दी। इसके बाद पोलैंड की पाउला स्लाविंस्का ने 27 मिनट में और मोनिका पोलेवजाक के 29वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को को बराबरी पर ला दिया लेकिन दीपिका सोरेंग ने 29 मिनट में एकगोल कर भारतीय टीम को 5-4 से आगे कर दिया। इसके बाद ये बंढ़त अंत तक बनी रही और भारतीय टीम को जीत मिल गयी।

नागल को एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रवेश मिला

बेंगलुरु। भारत के 137वीं रैंकिंग के सुमित नागल को 10 फरवरी से यहां शुरु हो रहे एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रवेश मिला है। पिछले सप्ताह ही नागल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में ने सोमदेव देववर्मन के बाद पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने थे। बेंगलुरु ओपन के लिए 'कट-ऑफ 257 रैंकिंग है। वहीं सुमित की रैंकिंग 137 है। इस प्रकार वह एटीपी 100 चैलेंजर टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई करने वाले 11 देशों के 21 खिलाड़ियों में शामिल किये गये हैं। नागल ने साल 2017 में बेंगलुरु ओपन जीता था। उन्होंने कहा कि यह चरण कठिनाई भरा होने की उम्मीद है क्योंकि इसमें कई बड़े दावेदार शामिल रहेंगे। ये देखना भी रोमांचक रहेगा। साथ ही कहा कि मैं इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हूं। वहीं फ्रांस के बेंजामिन बोंज की विश्व रैंकिंग 106 है और वह इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। इस टूर्नामेंट का आयोजन कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ (केएसएलटीए) द्वारा किया जा रहा है।

श्रीलंका ने अंडर-19 विश्वकप क्रिकेट में नामीबिया को हराया

किंबरली । श्रीलंका ने अंडर 19 विश्वकप में नामीबिया को 77 रनों से हरा दिया। इस मैच में श्रीलंका की जीत में सुपुन वाडुगे के नाबाद 56 रनों की अर्धशतकीय पारी की अहम भूमिका रही। इसके बाद गेंदबाजी के दौरान रुविशन परेरा और विश्व लाहिरू ने तीन-तीन विकेट लिए। इस मैच में श्रीलंकाई टीम ने नामीबिया को 56 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद जीत के लिए 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबियाई पारी लड़खड़ा गयी और उसके खिलाड़ी एक के बाद एक पेवेलियन लौटते गये। नामीबिया की ओर से पीटर-डैनियल ब्लिग्नौ ने नाबाद 18 रन बनाए। वहीं हैनरो बैडेनहॉर्स्ट 11 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। वहीं अन्य बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये और पूरी टीम 27 ओवर में ही 56 रनों पर सिमट गयी। वहीं श्रीलंका की ओर से रुविशन परेरा और विश्व लाहिरू ने 3-3 लिए जबकि दो विकेट दिनुरा कालूपहाना ने लिए। टॉस जीतकर नामीबिया ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वहीं पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत खराब रही है और उसने 29 के स्कोर पर अपने 2 विकेट खो दिये। वहीं सुपुन वाडुगे एक छोर पर जमे रहे। उन्होंने सबसे अधिक 56 रन बनाए। रुसांडा गैमगे ने 17 रन जबकि शरुजन शन्मुगनाथन ने 13 रन और कप्तान सिनेथ जयवर्धने 10 रन बनाये। इस प्रकार पूरी टीम 37.5 ओवर में 133 रन ही बना पायी।

काउंटी खेलने जा रहे करूण

नॉर्थम्पटन । भारतीय क्रिकेटर करूण नायर एक बार फिर इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलने जा रहे हैं। घरेलू क्रिकेट में कर्नाटक की ओर से खेलने वाले करूण इस सत्र में इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप में नॉर्थम्पटनशर की ओर से खेलेंगे। करुण को इस टीम की ओर से 7 काउंटी मैच खेलने हैं। उन्होंने पिछले सत्र में काउंटी में डिविजन वन में आखिरी 3 मैच खेलकर 78, 150 और 21 रन बनाए थे। वहीं टीम इस साल डिविजन टू में फिसल गयी है। इस बल्लेबाज ने मैं काउंटी चैम्पियनशिप की ओर से खेलने को लेकर खुशी जतायी है। साथ ही कहा कि अवसर देने के लिए वह कोच और कप्तान के आभारी हैं। इस बल्लेबाज ने भारतीय टीम की ओर से 6 टेस्ट और 2 एकदिवसीय खेले हैं। उन्होंने चेन्नई में 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ तिहरा शतक 303 रन बनाकर धूम मचायी थी पर इसके बाद भी वह टीमें जगह पक्की नहीं कर पाये। करुण टेस्ट में वीरेंद्र सहवाग के बाद तिहरा शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। वहीं टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में नायर की जगह पृथ्वी शॉ नॉर्थम्पटनशर की ओर से खेलेंगे। पृथ्वी ने गत वर्ष भी काउंटी में शानदार प्रदर्शन किया था पर इसके बाद चोटिल होने के बाद उन्हें बीच में ही काउंटी छोड़कर स्वदेश लौटना पड़ा था।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

पुनीत कुमार मिश्रा
वरिष्ठ पत्रकार-ब्यूरो चीफ लखनऊ मण्डल
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक विशाल इण्डिया
मास्टर कालोनी पश्चिमी
महोली, जनपद-सीतापुर
मो0-6393530919, 6394706206

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

डा0 बंगाली
(मुकुन्द क्लीनिक)
आशीष मेडिकल स्टोर
बड़ागॉव रोड, महोली-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस
की
शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

आदित्य प्रकाश
(अधिशाषी अधिकारी-नगर पंचायत)
महोली-सीतापुर

केतुका देवी
अध्यक्ष-नगर पंचायत
महोली-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

अपील

(1) नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में मदद करें।
(2) पानी की टंकी को खुला ना छोड़े।
(3) कूड़ा हमेशा कूड़े दान में डाले।
(4) जल कर व गृह कर समय से जमा करें।
(5) घरेलू कूड़ा डोर-टू -डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाले कर्मचारियों को दें।

समस्त सभासदगण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

डा0 एस.के. विश्वास
विश्वास हास्पिटल भुड़कुड़ा-उरदौली
महोली, जनपद-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

डा0 इमरान अली
सी.एच.सी. अधीक्षक
महोली, जनपद-सीतापुर
व समस्त स्टाफ

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

विवेक कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
विकास खण्ड पिसावाँ-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

उमेश कुमार
लेखपाल (तह.-महोली)
जनपद-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

प्रियांशू मिश्रा
पत्रकार-ब्लाक पिसावाँ
महोली, जनपद-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

अरूण कुमार सिंह
एवं समस्त कार्यालय स्टाफ
क्षेत्राधिकारी
महोली-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

नसीब बानो
ग्राम प्रधान
हारून अली-प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सहमतनगर, ग्राम-पंचायत नेवादा द्वितीय,
ब्लाक-पिसावाँ, जिला-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

विनय शुक्ला
उप राजस्व निरीक्षक (लेखपाल)
तहसील-महोली, जनपद-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

जीतेन्द्र कुमार
(सचिव- ब्लाक-महोली)
जिला-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

राधेश्याम यादव
उपनिरीक्षक थाना-महोली
जनपद-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

सन्तराम
वन दरोगा, रेन्ज-महोली
जिला-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

अरूणेन्द्र प्रताप सिंह
उप राजस्व निरीक्षक (लेखपाल)
तहसील-महोली, जनपद-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

अनीस द्विवेदी
अध्यक्ष (लेखपाल संघ)
तहसील-महोली, जनपद-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

प्रतीक सिंह
खण्ड विकास अधिकारी
ब्लाक-महोली, जनपद-सीतापुर
व समस्त ब्लाक कर्मी

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

Kajaria CERA
फौजी ट्रेडिंग कम्पनी
टाइल्स, टोंटी, सेनेटरी सामान, पाइप, नल,
समर सेविल, पेन्ट आयरन स्टोर के विक्रेता
प्रो० हरिगोविन्द (रिटा० फौजी) निकट मेला बाग, जी.टी.रोड, महोली
अमर सिंह (रिटा० फौजी)
विनोद कुमार
9451684350, 7522096605

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

मुनेन्द्र कुमार प्रधान प्रतिनिधि
भोली देवी प्रधान
अनूप कुमार सचिव
ग्राम-कटिघरा
ब्लाक-महोली, जनपद-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

कौशल कुमार वर्मा
बी.एस.एन.एल डिस्ट्रीब्यूटर
शिवांश कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स
जी.टी. रोड, गुड़ मण्डी, महोली
जनपद-सीतापुर
मो0-8318184445

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

स्वर्णलता मेमोरियल महिला चिकित्सालय एवं प्रसूति केन्द्र
डा० संजय कुमार विश्वास
BHMS
जी.टी.रोड, उरदौली - सीतापुर(उ०प्र०)
मो० :9919386610,9794964173

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

नूर हसन
ग्राम प्रधान, ग्राम-नेरी संसड़ा
ब्लाक-पिसावाँ, जनपद-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

रजनीश वर्मा
उपनिरीक्षक
चौकी प्रभारी-पाताबोझ
थाना-महोली
जनपद-सीतापुर

Happy Republic Day
26Th January

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in